ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 150

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


न इनको प्रधानमंत्री बनना है और न हमको मुख्यमंत्री... नीतीश की ओर देखकर बोले तेजस्वी, हम जहां हैं, वहां खुश हैं






www.epaper.azadsipahi.in

21 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 150

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जापान के प्रधानमंत्री ने मोदी को जी7 समिट में बुलाया, प्रधानमंत्री मोदी ने न्योता स्वीकारा, किशिदा ने दिल्ली में लस्सी बनायी, गोलगप्पे खाये



### झारखंड विधानसभा में सरना धर्म कोड का प्रस्ताव पेश

# पहचान के प्रति आश्वस्त होने के लिए उठ रही मांग : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया, क्यों जरूरी है सरना धर्म कोड
- केंद्र को प्रस्ताव भेजने के लिए मांगी सहमति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। सत्र के 13वें दिन सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा सदन में एक बार फिर सरना धर्म कोड की मांग को लेकर प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सरना धर्म कोड का महत्व और राज्य के आदिवासी समुदाय की लगातार उठती मांग का हवाला देते हुए, यह प्रस्ताव केंद्र को भेजने के लिए सदन से सहमति मांगी।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारा राज्य आदिवासी बहुल राज्य है। आदिवासी सरना समुदाय पिछले कई वर्षों से सरना धर्म कोड की मांग को लेकर संघर्ष कर रहा है। आज सरना धर्म कोड की मांग इसलिए भी उठी है, क्योंकि वह अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सकें। आदिवासी सरना धर्म की घटती जनसंख्या बड़ा सवाल है।

**कब कितनी थी आदिवासियों की जनसंख्या :** हेमंत सोरेन ने सदन में बताया कि आदिवासियों की जनसंख्या क्यों कम हो रही है। 1931 से 2011 के आदिवासी जनसंख्या के विश्लेषण से यह पता चलता है पिछले आठ दशकों में 38.03 से घट कर 26.02 प्रतिशत हो गयी। इसमें 12 प्रतिशत की कमी आयी है, जो गंभीर सवाल है। प्रत्येक वर्ष झारखंड की आबादी की अन्य समुदाय से आदिवासी की दर काफी कम है। 1931 से 1941 के बीच आदिवासी आबादी की वृद्धि दर 13.76 है, वहीं अन्य समुदाय की वृद्धि दर 11.13 है। सन 1951 से 1961 के आंकड़े पर गौर करें तो यह आदिवासी की वृद्धि दर 12.71 प्रतिशत है, वही गैर आदिवासी की वृद्धि दर 23.62 प्रतिशत है। 1961 से 1971 के बीच आदिवासियों की वृद्धि दर 15.89 प्रतिशत है, वहीं गैर आदिवासी की वृद्धि दर 26.01 प्रतिशत है। 1971 से 1981 के बीच आदिवासी की वृद्धि दर 16.77 प्रतिशत, वहीं गैर आदिवासी की वृद्धि दर 27.11 प्रतिशत। 1981 से 1991 के बीच आदिवासी की वृद्धि दर 13.41, वही 'गैर आदिवासी समुदाय की वृद्धि दर 28.67 प्रतिशत है। 1991 से 2001 के बीच आदिवासी की वृद्धि दर 17.19, वहीं गैर आदिवासी की वृद्धि दर 25.65 प्रतिशत है।

**कमी की क्या है वजह :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना का समय प्रत्येक दस वर्ष में 9 फरवरी से 28 फरवरी के बीच होता है। यह खाली समय है, जब आदिवासी अपने कार्य से मुक्त होकर बरसात के बाद दूसरे राज्य पलायन कर जाते हैं। ऐसे लोगों की गणना नहीं हो पाती है। वैसे आदिवासियों की गणना सामान्य जाति के रूप में हो जाती है। आदिवासी जनसंख्या की गिरावट की वजह योजना पर पड़ने वाला प्रभाव भी है। जनगणना योजना के साथ- साथ पांचवीं अनुसूची के कई ऐसे जिलों को हटाने की भी मांग होती है, जहां आदिवासी की जनसंख्या में कमी आयी है। जनसंख्या में आयी कमी आदिवासी को मिलनेवाले संवैधानिक अधिकार को प्रभावित करेगा। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन धर्म के इतर अलग सरना कोड आवश्यक है। इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। इससे आदिवासियों की जनगणना सही हो सकेगी, उनके अधिकारों की रक्षा होगी। योजना, परियोजना का लाभ भी आदिवासियों को मिल सकेगा। आदिवासी की भाषा, जीवन शैली और इतिहास का संरक्षण होगा।

**1961 में आदिवासियों का अलग धर्म कोड था :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में कहा कि सरना कोड आदिवासी समुदाय के विकास के लिए आवश्यक है।

वर्ष 1871 से 1951 तक जनगणना में आदिवासी में अलग धर्म कोड था। वर्ष 1961 से 62 की जनगणना से इसे हटा दिया गया। 2011 की जनगणना में देश के 21 राज्य में रहनेवाले 50 लाख आदिवासी ने सरना धर्म बताया है। झारखंड में रहनेवाले लोग भी वर्षों से इसकी मांग करते रहे हैं। सरकार से ज्ञापन, आवेदन भेज कर मांग की है। उन्होंने विधानसभा से केंद्र को प्रस्ताव भेजने का समर्थन मांगा।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्यों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में हुए शामिल

# सीबीएसइ की तर्ज पर 80 उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सोच है कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में हमारे सरकारी विद्यालयों के बच्चे निजी विद्यालयों या बड़े शहरों के विद्यालयों के बच्चों से किसी भी क्षेत्र में कम न रहें। हमारी सरकार ने राज्य में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसइ की तर्ज पर हमारे बच्चों को शिक्षा मिलनी शुरू हो चुकी है। आनेवाले समय में राज्य में 4000 से अधिक सरकारी विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू की जायेगी। आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उन्हें बौद्धिक तथा सामाजिक रूप से मजबूत बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में उत्कृष्ट विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्यों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया गया था।



**विकसित राज्य की परिकल्पना शिक्षित राज्य से :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राज्य की परिकल्पना शिक्षित राज्य से ही पूरी होगी। जो राज्य शिक्षित होता है, उसे किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ती है। उन्होंने केरल राज्य का उदाहरण पेश करते हुए अपने अनुभव साझा किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर ने हमारे राज्य को प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ प्राकृतिक सुंदरता से भी नवाजा है। हमारे राज्य में कोई कमी नहीं है, बस थोड़ा हम सभी और आनेवाले पीढ़ी को जागरूक होने की आवश्यकता है। (शेष पेज 4 पर)

### बच्चे-बच्चियों के हौसले को देना है पंख

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस समय में अध्ययनरत बच्चे-बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए हौसला देने की आवश्यकता है। राज्य स्तर पर मेधावी टॉपर बच्चे-बच्चियों को राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ अब लैपटाप तथा मोबाइल भी देगी, जो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु वर्तमान समय में आवश्यक है। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ-साथ हमारे बच्चों को झारखंड की कला संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करेगी तथा पाठ्यक्रम में नये विषयों के रूप में झारखंड की कला संस्कृति से संबंधित एक अलग विषय जोड़ा जायेगा। राज्य की भाषा, कला संस्कृति को आनेवाली पीढ़ी भूले नहीं, यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी भाषा संस्कृति को अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता सदैव रहेगी।

### शिक्षा व्यवस्था में सुधार को चुनौती के रूप में लिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूं तो पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं, परंतु मौजूदा वक्त में शिक्षा के महत्व को समझना हम सभी के लिए अत्यंत जरूरी है। झारखंड जैसे राज्य में स्किल्ड तथा अनस्किल्ड मजदूर के रूप में ही लोग आगे बढ़ते रहे हैं। इसको ध्यान में रख कर हमारी सरकार ने यहां के शिक्षा स्तर को एक नये आयाम के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। हमने झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को एक चुनौती के रूप में लिया है।

द्वितीय पुण्यतिथि
21 मार्च 2023
"नैन छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैन दहति पावकः।
न चैनं कलदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः।।



श्रीमती सुदामा देवी
1947 - 2021
ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शो व सद्विचारों
की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे।
आप जैसे अलौकिक ज्योर्तिपुंज को हम सबका अश्रुपूरित शत-शत नमन।
शोकाकुल :
श्री मनोज कुमार गुप्ता
समस्त गुप्ता परिवार एवं मित्रगण
गीतांजलि बैंक्वेट, गीतांजलि डेवलपर्स, गीतांजलि क्लब
मो. 9835194671

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
तपोवन मंदिर के
आस-पास के क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण
एवं पुनर्निर्माण कार्य का
शिलान्यास समारोह
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
श्रीमती आशा लकड़ा
माननीया महापौर, रांची नगर निगम
श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, रांची
श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह
माननीय विधायक, रांची
दिनांक : 21 मार्च, 2023
समय : अपराह्न 01:00 बजे
स्थान : तपोवन मंदिर, निवारणपुर, रांची



P.R. 293197 (Urban Development and Housing) 22-23
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

# चलंत डीजे पर रहेगी पूरी तरह रोक लाउडस्पीकर, ढोल-ताशा पर नहीं

## ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी, 100 सिसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे-डीसी

दीपक सिंह




**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में रामनवमी महापर्व को लेकर डीसी नैंसी सहाय और एसपी मनोज रतन चौथे ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर रामनवमी महापर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस और तैयारियों की जानकारी दी। डीसी नैंसी सहाय ने बताया की जुलूस में चलंत डीजे पर पूर्णतः रोक रहेगा, मगर लाउडस्पीकर, ढोल ताशा आदि पर रोक नहीं है। जुलूस में लाठी लेकर शामिल होने पर रोक नहीं मगर आग्नेयास्त्र लेकर शामिल होने पर पूर्ण रोक है। अखाड़ा धारी रिकॉर्डिंग गाने बजा सकते हैं जो प्रशासन द्वारा मान्य हो। शहरी क्षेत्र में 91 अखाड़ा धारी है जो जुलूस निकालते है। जुलूस को शांति से संपन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए 26 प्वाइंट बनाए गये हैं और 750 दंडाधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। इसको लेकर जिला स्तर पर 23 मार्च को शांति समिति की बैठक की जायेगी। इसके अलावा 30 मार्च से 1 अप्रैल तक सभी शराब दुकानें बंद रहेंगी साथ ही 30 मार्च से 2 अप्रैल तक शहर के सभी सिनेमा घर भी बंद रहेंगे। जुलूस के दौरान सभी सामुदायिक शौचालय निशुल्क रहेंगे। 24*7 के तर्ज पर नियंत्रण कक्ष एक्टिव रहेंगे। सड़क पर रखे कंस्ट्रक्शन के सामान जैसे ईट, पत्थर, छरी आदि को हटाने का आदेश दे दिया गया है। पूरे जुलूस को ड्रोन कमरे से निगरानी की जायेगी साथ ही 100 सिसीटिवी कैमरे लगाये जायेंगे। जिससे प्रशासन जुलूस पर नजर रख सके। इस बार बांस के जगह लोहे की बारकेटिंग की जायेगी। जुलूस के दौरान अश्लील और आपत्तिजनक गानों पर पूर्णतः रोक रहेगा। वही एसपी मनोज रतन चौथे ने कहा की रामनवमी को शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए 5000 फोर्स प्रतिनियुक किया जायेगा। साथ ही रैफ, सिआरपीएफ भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। इनके अलावा होम गार्ड, स्पेशल ब्रांच के कर्मी और सिविल ड्रेस में भी दस्ता एक्टिव रहकर सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहेंगे। साथ ही एसपी ने रामनवमी जुलूस में नशा और शराब का सेवन कर शामिल नहीं होने का निवेदन किया है। इसके अलावा सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानी पूर्वक करने और कोई ऐसा पोस्ट न करने की हिदायत दी जिससे शांति व्यवस्था बिगड़ सके। मौके पर असिस्टेंट कलेक्टर शताब्दी मजूमदार, एसडीओ विद्याभूषण कुमार, सदर सीओ राजेश कुमार उपस्थित थे।

## तेरह धर्मावलंबी तीर्थ दर्शन के लिए हुए रवाना



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन कोडरमा के सौजन्य से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत हिन्दू धर्मावलम्बियों के लिए द्वारिका सोमनाथ का तीर्थ यात्रा कराया जा रहा है। सोमवार को जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह यात्रा 20 मार्च से 27 मार्च तक है जिसमें जिले के 13 हिन्दू धर्मावलम्बी तीर्थ दर्शन करेंगे। मौके पर जिला योजना कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे।

## डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन कोडरमा के सौजन्य से आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़ने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी जय पाल सोय द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर मतदाताओं को आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़ने हेतु जागरूक करेगी। उपायुक्त ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता अपने आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जरूर जोड़े। मौके पर निर्वाचन कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे।

## खरकोटा में लोग नहीं उठा पा रहे राशन

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** करमा पंचायत के कार्ड धारियों का स्थानांतरण 15 किमी दूर खरकोटा के डीलर रमेश राणा के यहां किए जाने का मामला सामने आया है। अब मामला सामने आने पर इससे संबंधित पदाधिकारी पर सवाल उठ रहे हैं। सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने इस अवैध कार्य में संलिप्त मार्केटिंग अवसर पर डीलर रमेश राणा से लेनदेन का आरोप लगाकर करमा के लगभग 50 बीपीएल कार्ड धारियों को परेशान करने एवं 25 किलोमीटर दूर से जनवरी 2023 से ही राशन लेने को विवश कर देने पर सवाल उठाया है। कहा कि जितने का राशन मिलता है उससे ज्यादा तो आने जाने में ही खर्च हो जा रहा है और इस कारण कई लोग राशन उठा नहीं पाते जिसका फायदा डीलर एवं पदाधिकारी उठाते हैं और इस प्रकरण से कार्ड धारी काफी आक्रोश में हैं। इससे सरकार के साथ ही कोडरमा प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। मंच सचिव ने इस संबंध में उपायुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराकर सभी कार्ड धारियों को वापस करने एवं संबंधित पदाधिकारी को दंडित करने की मांग की है।

## पेड़ की डाली गिरने से युवक घायल

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** सोमवार को डोमचांच थाना अंतर्गत ढाब रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के समीप पेड़ की डाली गिरने से एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान राजू मेहता उम्र 40 वर्ष पिता शिव शंकर मेहता ग्राम कालीमंडा, डोमचांच के रूप में हुयी है। वह अपने बाइक से अपने घर से ढाब रोड की तरफ खेती करने जा रहा था। टेलीफोन एक्सचेंज के समीप एक शीशम का पेड़ सूखे हुए डाली अचानक टूट कर गिर जाने से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की हुई मौत

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** डोमचांच में ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी बाद में मौत हो गयी। उसकी पहचान नारायण दास उम्र 40 द्वारिका दास, डोमचांच के रूप हुयी है। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर मे समान लोड करके बाजार की तरफ जा रहे थे, जो अनियंत्रित होकर पलट जाने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल लाया गया, जहां इलाज करके सोमवार को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। परन्तु हजारीबाग के पास उसकी मौत हो गयी जिसके बाद कोडरमा अस्पताल लेकर अंत्यपरीक्षण कराया गया।

## महेश एकेडमी में रिपोर्ट कार्ड का हुआ वितरण




**डोमचांच(आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत स्थित महेश एकेडमी में सोमवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा पंचम तक छात्र-छात्राओं को सत्र 2022- 23 का रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। रिपोर्ट कार्ड में प्रथम सात्रिक, द्वितीय सात्रिक और वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम प्रदर्शित किया गया और इन्हीं तीन परीक्षाओं के आधार पर सम्यक मूल्यांकन करते हुए उन्हें अगली कक्षाओं में प्रोन्नति दी गई। सभी छात्र- छात्राओं को प्राचार्या रीना दाराद ने बधायी देते हुए उन्हें आने वाले सत्र 2023-24 में अधिक मेहनत कर अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। कक्षा नर्सरी में प्रथम सौम्या कुमारी, द्वितीय श्रुति प्रिया व परिनिधि कुमारी और तृतीय आसिया प्रवीण, कक्षा केजी में प्रथम अनिकेत कुमार, द्वितीय रौशन कुमार व तृतीय राधिका कुमारी, कक्षा प्रथम में प्रथम आशिया प्रवीण, द्वितीय अंकित कुमार व तृतीय प्रगति कुमारी, कक्षा द्वितीय में प्रथम समीक्षा गोस्वामी, द्वितीय अभी राज व तृतीय राजकुमार, कक्षा तृतीय में प्रथम साक्षी कुमारी, द्वितीय संस्कृति कुमारी व तृतीय कोमल पांडेय, कक्षा चतुर्थ में प्रथम सलोनी कुमारी, द्वितीय देवराज कुंवर व तृतीय सोनाली कुमारी और कक्षा पंचम में प्रथम आलिया मेहता, द्वितीय प्रिंस कुमार व तृतीय कोमल कुमारी घोषित किये गये। सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को प्राचार्या रीना दाराद ने रिपोर्ट कार्ड उनके अभिभावकों को वितरित किया, शेष छात्र- छात्राओं को संबंधित कक्षा शिक्षिकाओं सोफाली कुमारी, सपना गुप्ता, पूजा कुमारी ने रिपोर्ट कार्ड वितरित किया। इस अवसर पर निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने आगामी सत्र 2023-24 से संबंधित विशेष निदेर्शों को अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं के बीच प्रस्तुत किया और बच्चों के चरित्र निर्माण एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय, मुकुल कुमार, नकुल पांडेय, संजय कुमार, शुभम कुमार, रौशन कुमार, ज्योति कुमारी, प्रणव प्रखर, अंशु कुमार, आशीष कुमार, उज्जवल कुमार आदि उपस्थित हुये।

## रामनवमी को लेकर कमेटी की बैठक



**जयनगर(आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर डीजे संचालको एवं पूजा कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यकताओं की उपस्थिति में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता उप प्रमुख राज नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में अंचलाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी, माइका इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि रामनवमी पूजा के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। सभी कमेटी के अध्यक्ष को वालंटियर की नियुक्ति करने को कहा। सभी वॉलिंटियर के पास आईडी कार्ड रखने की बात कही। सोशल मीडिया पर में किसी भी तरह का भड़काऊ, मैसेज, फोटो, या वीडियो पोस्ट ना करें। अगर इस तरह की भड़काऊ मैसेज या फोटो, वीडियो अगर किन्ही के फोन में आता है तो इसकी सूचना प्रशासन को तुरंत करे। वही भड़काऊ गाने ना बजायें। अगर भड़काऊ गाना बजता है तो कमेटी के लोगों पर व डीजे संचालकों पर कार्रवाई की जायेगी। वही कमेटी के लोगों से रूट चार्ट की जानकारी भी ली गयी। बैठक के दौरान एसआई अमित कुमार, एसआई सुनील पासवान, एसआई विनीता कुमारी, एएसआई विकेश कुमार, एएसआई सत्यवीर कुमार, मुंशी आलम खान, गणपत यादव, शंकर प्रसाद, सरजू राम, राजेंद्र राम, नीरज कुमार, अन्य कमेटी के सदस्य व डीजे संचालक उपस्थित थे।

## आदिवासियों ने परंपरागत तरीके से मनाया सरहुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** प्रखंड अंतर्गत डुमर पंचायत के खेरिका आदिवासी टोला में सोमवार को प्रकृति पर्व सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से पहले सरना स्थल व गवात बाबा में पूजा-अर्चना कर जल, जंगल व जमीन की रक्षा के साथ-साथ क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व अमन-चैन की कामना की। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने बताया कि प्रकृति का यह पर्व लोगों को उत्साहित करने वाला तथा जनजातीय समुदाय के जीवन को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को सरहुल पर्व की बधायी दी। मौके पर सुरजदेव मांझी, राधेश्याम मांझी, हिराचंद बास्के, योगेन्द्र हेम्ब्रम, सुनिल बास्के, नरेश बास्के, योगेन्द्र बास्के, रमेश बास्के, लालमन बास्के, राजेन्द्र बास्के, मुकेश हेम्ब्रम, संजय हेम्ब्रम, अरविंद हेम्ब्रम, राजु मुर्मु, डेगलाल बास्के, देवचंद मांझी, गोविंद मांझी, दशरथ मांझी, महिलाल मांझी, मुन्नालाल मांझी, विरेन्द्र बास्के समेत अन्य महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## झारखंडी एकता संघ के संस्थापक का हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** प्रवासियों को हितार्थ कार्यरत संस्था झारखंडी एकता संघ के संस्थापक असलम अंसारी का सोमवार को हजारीबाग आगमन हुआ। उनके साथ संस्था में जुड़े केंद्रीय सदस्य नासिक के जाने- माने बिल्डर लतीफ अंसारी और सिंगापुर के होटल व्यवसाई चंद्रदेव कुमार शर्मा भी पहुंचे। असलम अंसारी सहित संस्था के केंद्रीय सदस्य लतीफ अंसारी और चंद्रदेव कुमार शर्मा का हजारीबाग परिसदन परिसर में संस्था से जुडे स्थानीय सुनील कुमार, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, जिला ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष धनेश्वर राणा और युवा पत्रकार सागर कुमार के द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। झारखंडी एकता संघ के संस्थापक असलम अंसारी ने सभी के साथ संस्था कि आगामी कार्यक्रमों को लेकर विशेष चर्चा- परिचर्चा की। उन्होंने प्रवासी मजदूरों के दर्द को रखते हुए उनके हितार्थ झारखंड प्रांत में जागरूकता कार्यक्रम और सरकार, जनप्रतिनिधि एवं उद्यमी वर्ग के साथ विशेष वार्ता करने की बात कही ।

## मुख्यालय में दिव्यांग संगठन ट्रस्ट की मासिक बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** दिव्यांग संगठन ट्रस्ट बड़कागांव की मासिक बैठक 20 मार्च एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के साथ हुयी प्रखंड मुख्यालय की गयी। इसकी अध्यक्षता रामेश्वर महतो व संचालन लोकनाथ राणा ने किया। बैठक में कई मुद्दों पर हुयी चर्चा हुआ। जिसमें दिव्यांग स्वयं सहायता समूह के प्रत्येक समूह से 2 सदस्य को हर मासिक बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य हैं। जेएसएलपीएस,बीपीएम राम प्रकाश कुमार बैठक में उपस्थित होकर कहा कि जितने भी समूह का खाता बैंक में खुल गया है उन समूहों को अगले माह तक समूह को संचालित करने के लिए रजिस्टर और पासबुक मिल जायेगा। दिव्यांग संगठन ट्रस्ट को संचालित करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विधायक को 2 साल से एक कार्यालय की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक दिव्यांग जनों का कार्यालय का व्यवस्था नहीं हो पाया। दिव्यांगजन हताश होकर अब किराये के मकान में कार्यालय खोलने की निर्णय लेने की चर्चा हुआ।

मौके पर दिव्यांग संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष लोकनाथ राणा, रामेश्वर महतो, सचिन सोनी, काशीनाथ चक्रवर्ती, बीपीएम राम प्रकाश कुमार, नंदलाल कुमार, मुकेश कुमार, शांति देवी, अशोक प्रजापति, होरिल महतो, कंचन कुमारी, विमला देवी, बिरजू कुमार, लोकन साव, रुकमणी कुमारी, रंजीत कुमार, रामसुंदर महतो आदि लोगों उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** रामनवमी त्योहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर गोरहर थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहा और संचालन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, पुलिस निरीक्षक श्यामचंद सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर विभिन्न अखाड़ा के लोगों को सरकारी दिशा निर्देश की जानकारी दी गयी। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस में डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। साथ ही अफवाहों से बचने की सलाह दी। कहा कि नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में बेलकपी मुखिया ललिता देवी,शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी, पंसस ज्योति देवी, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, समाज सेवी धीरेन्द्र पाण्डेय, पंसस विकास पाण्डेय, पूर्व पंसस लोकनाथ राणा, राजद नेता हसमत अली, सुनील कुमार पाण्डेय, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, शिवलाल यादव, उप मुखिया सहदेव पासवान, जोधन मोदी, नबी मियां, महेश मोदी, सुरेन्द्र साव, रामटहल महतो, श्यामाकांत पाण्डेय, संदीप साव, श्याम किशोर सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दहेज हत्या के दो आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

### दस हजार रुपये जुर्माना भी, नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवविवाहिता सकीना खातून की दहेज की खातिर हत्या के एक मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने सोमवार को दो आरोपियों मृतका के पति जुबेर अंसारी एवं सास नुरेशा खातून को 304बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। वही न्यायालय ने 498 ए में प्रताड़ित करने का दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही दस हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

**क्या है पूरा मामला**

घटना के सूचक मृतक का पिता सलीम अंसारी ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि उसकी पुत्री सकीना खातून की शादी वर्ष 2011 में ग्राम चदरा पिपराडीह थाना जयनगर निवासी सिराज मियां के पुत्र जुबेर अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुयी थी। शादी के 6 माह तक मेरी पुत्री को ससुराल में ठीक से रखा गया। उसके बाद दो लाख दहेज की मांग जेसीबी खरीदने के लिए की जाने लगी। नहीं दिए जाने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। इसे लेकर तीन-चार बार गांव में पंचायती भी कई की गयी। लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। उसके बाद 10 सितंबर 2014 को ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी गई कि उसकी पुत्री की लाश कुएं में है। सूचना मिलने पर जब वह पहुंचे तो पुत्री के ससुराल के सारे लोग गांव छोड़कर भाग गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उसके पति जुबेर अंसारी, ससुर सिराज मियां, सास नूरेशा खातून एवं अन्य लोगों ने दहेज के खातिर उसकी पुत्री की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से कुएं में फेंक दिया। इसे लेकर जयनगर थाना कांड संख्या 170/2014 दर्ज किया गया था। बताते चलें कि सभी फरार आरोपी न्यायालय के निर्देश के बाद पुलिस के दबाव पड़ने पर करीब 2 साल बाद 2016 में कोर्ट में सरेंडर किया था। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया, वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जगदीश यादव ने दलीलें पेश की। इस दौरान सभी 12 गवाहों का परीक्षण कराया गया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

## महिला समूहों के बीच सब्जी बीज का वितरण

**इचाक(आजाद सिपाही)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण इचाक प्रखंड कार्यालय में जेएसपीएल के आठ महिला समूह को सब्जी बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण बीडीओ रिंकू कुमारी और उपप्रमुख सतेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मित्र दिगंबर कुमार मेहता, बीटीएम पुष्पा कुमारी बीपीएम रंजीत कुमार शामिल हुए। इस कार्यक्रम में आठ महिला समूह को बीज दिया गया, जिसमें गायत्री सखी मंडल डूमरौन, नैना सखी मंडल, शक्ति सखी मंडल चंपानगर नावाडीह, शारदा सखी मंडल, ज्योति सखी मंडल, लक्ष्मी आजीविका सखी मंडल, मां देवी सखी मंडल, चांदनी आजीविका सखी मंडल शामिल हैं। इस अवसर पर उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने कहा की उन्नत खेती हेतु राज्य सरकार के कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण कराया गया जिससे महिला समुह आत्म निर्भर बन सके।

## लोगों ने जल नल संग्रह पानी को बहाया

**चरही(आजाद सिपाही)।** जल है तो जिवन है इसी का नाम है आदर्श ग्राम जरबा का जल नल पानी संग्रह चेक डेम स्थित मुकरू में असामाजिक तत्व लोगों ने मछली मारने के लिए चेक डेम का संग्रह पानी को खोलकर बहा दिया गया। इधर उक्त चेक डेम का चयन ऐसी जगह हुयी है कि गर्मी पडते ही पानी सुख जाता है पानी का लेयर बहुत कम है पथरीले जगह होने की वजह से पानी का जल स्तर नहीं है सिर्फ और सिर्फ बरसात का संग्रह पानी का ही सहारे पंचायत के चार गाव को पानी सफलायी होता है अब ऐसा संकट हो गया है की उक्त चेक डेम में पानी कुछ भी नही बचा पुरा गर्मी अभी बाकी है पंचायत का लगभग 5 हजार अबादी है अब एक एक बुंद के लिए लोग भटकते हुए नजर आएंगे इसपर पंचायत के बुद्धिजीवी और जनप्रतिनिधियों को आगे अनेक की जरूरत है और असमाजिक तत्व लोगों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है।

## मुखिया ने पठन-पाठन सामग्री का किया वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कांडतरी पंचायत के टोला सतबेरिया राजकीय मध्य विद्यालय में मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने विद्यार्थियों के बीच पठन- पाठन सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया दो-दो सेट पोषाक, एक-एक स्वेटर तथा कॉपी का वितरण विद्यालय के नामांकित बच्चो के बीच किया गया। किट योजना के अंतर्गत कक्षा 1-1 के बच्चों को तीन-तीन पेंसिल, रबर तथा कटर मिला। एंव कक्षा तीसरी के बच्चों को पांच-पांच पेंसिल, रबर, कटर तथा एक-एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स दिया गया। मौके पर अध्यक्ष मालती देवी, उपाध्यक्ष भीम प्रजापति, सचिव डॉ. जितेन्द्र कु. सिंह, सहायक अध्यापिका अरुणिमा तिर्की, राजकुमार राणा, कामेश्वर ठाकुर, वार्ड सदस्य अनिल बिरहोर, सरिता देवी, परन पासी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने बिजली की समस्या को सदन में उठाया



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** क्षेत्र की विधायक अम्बा प्रसाद ने केरेडारी व बड़कागांव प्रखण्ड वासियों के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाने की मांग की है विधायक अम्बा प्रसाद ने विधानसभा में ध्यान आकृस्ट कराते हुए कहा की हजारीबाग जिले के बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में बड़ी-बड़ी महारत्न कम्पनियां काम कर रही है लेकिन क्षेत्र के लोगों को समुचित बिजली भी नहीं मिल पा रही है जो बेहद चिंताजनक है यहां के कोयले दूसरे राज्यों के पॉवर प्लांट में भेजे जा रहे हैं जिस से दूसरे प्रदेशों को व्यापक बिजली मिल रही है जबकि यहां कोयले का अकूत भण्डार होने के बावजूद भी स्थानीय लोग बिजली की सुविधा से महरूम है।

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र बुंडू पंचायत में वन पर्यावरण सुरक्षा सह रक्षाबंधन मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोती नदी के समीप पूरे विधि विधान से रंगोली बनाकर दीपक जलाकर पूजा पाठ करके पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया गया तथा सभी लोगो ने एक स्वर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया व शपथ लिया की हर हाल में वृक्षों की रक्षा करेंगे पूजा संपन्न होने के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया इसके तुरंत बाद पुनः मंच पर मुख्य अतिथि वन विभाग के पदाधिकारी फॉरेस्टर रामचंद्र झा जी एवं मुखिया जी के द्वारा फीता काटकर सांस्कृतिक, जागरूकता अभियान एवं नाच गान का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गयो कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया तुलसी तुरी एवं मंच का संचालन वन पर्यावरण समिति के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार साव ने कियो मौके पर पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी, पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार, वन पर्यावरण समिति अध्यक्षा सावित्री देवी, सचिव अर्जुन प्रजापति, कोषाध्यक्ष ललिता देवी, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार साव, उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी, उपसचिव विश्वनाथ गंझु, उप कोषाध्यक्ष नागेश्वर तुरी, वन विभाग के पदाधिकारी फॉरेस्टर रामचंद्र झा, बुंडू पंचायत के वनरक्षी केशव महतो, मनोरंजन सिंह, कृष्णा प्रसाद महतो, सलगा वन सुरक्षा समिति के रूपलाल साव गोपाल प्रसाद महतो, दौलत साव, चंचला कुमारी,सरिता देवी, कपिलास देवी, राजू साव, रामकुमार साव, सुरेंद्र कुमार साव,रविंद्र कुमार, मोहन करमाली, वार्ड सदस्य मंजू देवी, आरती देवी समेत दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## पेज-1 का शेष

### सीबीएसइ की तर्ज पर 80 उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों को मिलेगी क्वालिटी एजुकेशन : हेमंत

**खेलकूद के साथ शिक्षा में भी लहरायेंगे परचम :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे बच्चे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, जरूरत है कि हम उन्हें संसाधनों के साथ जोड़ें। जो बच्चे-बच्चियां पिछड़ापन और गरीबी के कारण संसाधनों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, वैसे बच्चे-बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। झारखंड के बच्चे-बच्चियों ने खेल के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वैसे बच्चे, जो स्कूली शिक्षा से आगे बढ़ कर इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य स्ट्रीम में पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार आर्थिक मदद देते हुए पढ़ाई में होने वाले सभी खर्चों का वहन करेगी। देश में पहली बार इस राज्य ने अपने बच्चों को उच्चतर शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करने के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की है।

**प्रबंधन समिति की भूमिका महत्वपूर्ण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की स्कूली व्यवस्था प्रबंधन समिति की देख-रेख में चलती है। स्कूलों के सफल एवं उत्कृष्ट संचालन के लिए स्कूल प्रबंधन समिति की जिम्मेदारी अहम और महत्वपूर्ण रहती है। स्कूल प्रबंधन समिति को अब पहले से ज्यादा बेहतर होने की आवश्यकता है तभी हम उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना को साकार कर सकेंगे। हर वर्ग, हर समूह के बच्चे-बच्चियों को शिक्षा का समान अधिकार तथा अवसर देना है। प्रबंधन समिति के सदस्य गांव-गांव, घर-घर पहुंच कर बच्चों का स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करायें। प्रबंधन समिति के सदस्य गांव प्रत्येक बच्चे- बच्चियों को अपने परिवार के बच्चों की भांति ही उन्हें बेहतर शिक्षा व्यवस्था का लाभ दिलाने का काम करें। राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यहां की शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर ऐसा आयोजन हुआ है।

## ईसीआरकेयू ने किया धरना प्रदर्शन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** ईसीआरकेयू के तत्वावधान में लोको रनिंग कर्मचारियों एवं सुपरवाइजरों का क्रूझलॉबी पतरातू मे सोमवार को धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह धरना प्रदर्शन रेल प्रशासन द्वारा रेल कर्मचारियों एवं सुपरवाइजरो के समस्याओं को अनदेखी करने, समय पर रेस्ट नहीं देने, मुख्यालय एवं रनिंग रूम में पर्याप्त विश्राम नहीं मिलने, लोको निरीक्षकों के ऊपर नियम से अत्यधिक लोको पायलट आवंटित करने एवं मशीन की तरह लगातार उपयोग किए जाने के साथ-साथ रेलवे बोर्ड के द्वारा रनिंग कैडर की मांगों पर उदासीन रवैया अपनाने, आदि के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने कहा कि जो सरकार हमारी आवाज नहीं सुनेगी ऐसी सरकार को सत्ता में रहने नहीं दिया जायेगा। इस मौके पर शाखा सचिव आर.एन. चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद, मुकेश कुमार, लालबाबू महतो, मनीष कुमार, रवि कुमार, प्रेम राज पटेल, अमरेंद्र कुमार, कुश कुमार चौधरी, सुरेश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार ,मिथिलेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार मिश्रा, प्रकाश कुमार, अमित कुमार सिंह, कमलेश लकरा, विकास कुमार, एस.के. मरांडी, रवि भारती, कर्मवीर कुमार, टी सी डावरिया, कलीम अशरफ, राम सिंह मुन्ना कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे।

## झारखंड कुर्मी महासभा की बैठक संपन्न



**गिददी (आजाद सिपाही)।** झारखंड कुर्मी महासभा की बैठक धाबु गांव स्थित शिवलाल महतो के कार्यालय में आयोजित की गयी। आगामी 21 मार्च को स्वतंत्रता सेनानी चुहाड विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की 185 वीं जयंती धूमधाम से जमशेदपुर में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 21 मार्च को जमशेदपुर चले का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रघुनंदन महतो के द्वारा किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को भव्य रुप देने पर बल दिया गया। मौके पर कुमेश्वर महतो, रघुनंदन महतो, रामटहल महतो, डॉ भुनेश्वर महतो, सेवालाल महतो, कमल नाथ महतो, नंद किशोर महतो, कौलेश्वर महतो, राजेश कुमार, देवकी महतो, मंगला महतो, दिनेश्वर महतो, टेक चंद्र महतो, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बेरोजगार युवाओं के द्वारा सी प्रबंधक को सौंपा मांग पत्र

**गिददी (आजाद सिपाही)।** साकारात्मक वार्ता के लिए दिया गया 10 दिनो का अल्टीमेटम मांगे नहीं माने जाने पर क्या जायेगा ब्यापक पैमाने पर जनआंदोलन आगे आजाद राईन ने कहा क्षेत्र मे बिरोजगारों को रोजगार दिलाने वा ब्लॉक से भरस्टाचार खत्म करने के लिए गांवों में बनाया जा रहा है, महिला वा युवाओ का मजबूत कमीटी आने वाले समय में किया जायेगा क्षेत्र मे बढे पैमाने पर हक अधिकार के लिए जनआंदोलन इसके लिए बनाया जा रहा है रननिति विक्की राइन ने कहा लोकल सेल में भ्रष्टाचार लूट घसोत व गबन से स्थानिय युवाओं में है। आक्रोश अनियमित्तावो को सुधारे प्रबंधक वर्ना चरण आंदोलन करते हुए अनिशचित काल के लिए कोलीयरी का चक्का जाम करेंगे जिसकी जिम्मेवारी प्रबंधक की होगी ! आज के कार्यकम में मौजुद रहे राजू महतो, महेश महतो, गोविंद राम, आजाद अंसारी, तबारक अंसारी, राजेश राम, दशमी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, निकिता देवी, रजनी देवी, तेतरी देवी, लीला देवी, बिनीता देवी, अणिमा देवी, गुलाचो देवी, झानो देवी, यशोदा देवी, हलंदर घटवार, किशोर राम, उमेश साव, लालेश्वर महतो, आनंद सिंह, परमेश्वर सिंह, नईम अंसारी, हमदुल अंसारी, मनोज महतो, आदि मौजुद रहे।

## भुरकुंडवा में सरहुल पर्व धूमधाम से मना



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोटंगा पंचायत के नीम टोला भुरकुंडवा में रविवार को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। नायके टुन मांझी द्वारा सरना स्थल में विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। प्राकृतिक देवी देवता को पूजा स्वरुप सिम बोंगा ( मुर्गा - मुर्गी ) की बलि दी गयी। गांव की खुशहाली के लिए जल जंगल जमीन की रक्षा की प्रार्थना की गयी। प्राकृतिक बाहा पोरब के अवसर पर मांझी हाड़ाम मोतीलाल मांझी, प्राणिक हाड़ाम धनशान मांझी, कुड़ाम नायके चोपे मांझी, एवं जोगवा हाड़ाम दाहा मांझी द्वारा सरना स्थल में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात ग्रामीणों के बीच सखुआ फुल व प्रसाद स्वरूप सोड़े ( खिचड़ी )का वितरण किया गया। सभी ग्रामीण पारंपारिक संथाली बेश भूशा पहन कर मांदर की थाप पर नृत्य प्रस्तुत कर हर्षोल्लास के साथ प्राकृतिक बाहा पर्व प्रति खुशी व्यक्त किया। मौके पर विस्थापित नेता बिनोद हेंब्रम ने कहा कि सरहुल पर्व हम आदिवासियों का पर्व है हम सभी प्राकृतिक बाहा पोरब की पूजा अर्चना कर जल जंगल जमीन की रक्षा करने की कामना करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से विश्वनाथ मांझी, झनाराम सोरेन, साहेब राम बेसरा, राजकुमार हेंब्रम, सुधन मांझी, हाकीम मांझी, दिनेश टुडू, पंकज हेंब्रम, गंगाराम बेसरा, अघनु मांझी, मोहन मांझी, बसंत मांझी, महेश बेसरा, मनोज हेंब्रम, राजू हेंब्रोम, संजय हेंब्रोम, आनंद बेसरा, तुलसी बेसरा, तनाडी मांझी, लीलमुनी देवी, डोरको देवी, शकुन्तला देवी, मैनो देवी, कपूर मुनि देवी, ममता देवी, तालोमुनी देवी, कुशमा देवी, सरिता देवी, सोहमती देवी, मंति देवी, तिलेश्वर टुडू,सनी देवी सहित महिला पुरुष शामिल थे।

## सेल बंदी के कारण मजदूरी वसूली अभियान स्थगित



**कुजू( आजाद सिपाही)।** मंगरदाहा के ग्रामीणों द्वारा तोपा लोकल रोड़ सेल में चार दिनों से जारी आंदोलन के कारण रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा ने स्वंय मजदूरी राशि वसूली अभियान को स्थगित कर दिया। मोर्चा के अध्यक्ष किशोर करमाली ने तोपा कांटा घर के समीप सदस्यों की उपस्थिति के दौरान बताया कि मंगरदाहा के ग्रामीणों द्वारा 2 सूत्री मांगों को लेकर तोपा लोकल रोड सेल को अनिश्चितकालीन आंदोलन से बंद हैं। जिसकी वजह से हम लोगों ने स्वंय मजदूरी राशि वसूली अभियान को सेल चालू होने के बाद कार्य किया जायेगा। मौके पर शमशेर आलम, उमेश कुमार दास, मोहम्मद इस्लाम, भागवत करमाली, ललित राम, महेंद्र प्रसाद, अशरफ जिया, शाहिद अल, हरिशंकर साह, निर्मल करमाली, विकास कुमार, जफरूल अंसारी, मनेंद्र हेम्ब्रोम, अब्दुल अंसारी, नईम अंसारी, सूरज कुमार, अमरदीप, कृष्णा कुमार, मोहसिन रजा, मगन नायक, राजू कुमार तूरी, विजय प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद विजय पासवान, अब्दुल कलाम समेत कई मोर्चा के सदस्य शामिल रहे।

## रामनवमी मेला समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा( आजाद सिपाही)।** बासल क्षेत्र के लेम दुर्गा मंडप प्रांगण में रविवार को रामनवमी मेला समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रमेश बेदिया ने किया। बैठक में रामनवमी मेला के कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही चैती दुर्गा पूजा समिति लेम का पुर्नगठन किया गया। इसमें अध्यक्ष रमेश बेदिया, सचिव महेश बेदिया, उपसचिव रंजीत उरांव, उपाध्यक्ष महेंद्र करमाली, कोषाध्यक्ष शिबू उरांव, उपकोषाध्यक्ष बैजनाथ बेदिया, संगठन मंत्री रविन्द्र बेदिया, उपसंगठन मंत्री आदित्य केरकेट्टा, व्यवस्थापक संजय मुंडा, उप व्यवस्थापक सुनील बेदिया का चयन किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में झमेश बेदिया, संजय हजाम, बलकू बेदिया, विश्वनाथ करमाली, बसंत उरांव, उमेश मुंडा, मदन बेदिया, अनुज उरांव, भगीरथ बेदिया, सुखदेव मुंडा, टेकलाल मुंडा, छोटन मुंडा, सुखलाल बेदिया, बसंत बेदिया, संदीप उरांव आदि शामिल हैं। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थें।

# आयकर विभाग ने अग्रिटी मिनरल्स के यार्ड में मारा छापा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** कुजू रेलवे साइडिंग से मैथन पावर प्लांट व डीवीसी के कोडरमा स्थित पावर प्लांट को भेजे जाने वाले कोयले के ट्रांसपोर्ट कार्य से जुड़ी अग्रिटी मिनरल्स के यार्ड सहित कई अन्य ठिकानों पर सोमवार को आयकर विभाग का छापा पड़ा। आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम कुजू रेलवे साइडिंग स्थित कंपनी के यार्ड में मौजूद दस्तावेजों सहित कई अहम जानकारी जुटाने के लिए यार्ड का चप्पा चप्पा खंगाल रही है। गौरतलब है कि पिछले काफी समय से उक्त दोनों पावर प्लांटों के लिए क्षेत्र की विभिन्न कोलियरियों से कोयला उठाकर साइडिंग तक पहुंचाने एवं इसी कोयले को पावर प्लांट तक रैक के माध्यम से पहुंचाने की जिम्मेवारी दोनों पावर प्लांट द्वारा आका लॉजिस्टिक कंपनी को दी गयी है। आका लॉजिस्टिक ने अग्रिटी मिनरल्स कंपनी को अपना पेटी कांट्रैक्टर नियुक्त किया हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए तो कोलियरी से पावर प्लांट तक कोयले की ट्रांसपोर्टिंग अग्रिटी मिनरल द्वारा ही की जा रही है। इधर, सूत्रों की माने तो पावर प्लांटों को भेजे जाने वाले कोयले में भारी मिलावट के गोरखधंधे से की जा रही करोड़ों की काली कमाई को उजागर करने के लिए आयकर विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

**उन्नत किस्म के कोयले की जगह चारकोल मिलावट का गोरखधंधा,** पावर प्लांटों को भेजे जाने वाले उन्नत किस्म के कोयले को खुले बाजार में बेचकर भारी कमायी करते हुए पुनः उक्त कोयले की जगह चारकोल की मिलावट के खेल से अर्जित करोड़ों की काली कमाई के गोरखधंधे में मैथन पावर लिमिटेड एवं डीवीसी के कुछ कनीय अधिकारियों तथा रेलवे के कुछ एक अधिकारियों सहित कुजू रेलवे साइडिंग में कार्यरत लोडर की भूमिका संदेह के घेरे में है। गौरतलब है कि कुजू रेलवे साइडिंग से उक्त दोनों पावर प्लांटों के अलावा कई अन्य कंपनियों को भेजे जाने वाले कोयले की रैक लोडिंग की जिम्मेवारी इसी लोडर की है।

**चारकोल मिलावट कोयले से विद्युत उत्पादन में भारी दिक्कत**

एक और चारकोल कोयला मिलावट के गोरखधंधे से इससे जुड़े धंधेबाजों को महीने में करोड़ों की काली कमाई हो रही है। वहीं, दूसरी ओर पावर प्लांटों को उन्नत किस्म के कोयले की जगह चारकोल मिले कोयले से विद्युत उत्पादन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे विद्युत उत्पादन बेहद महंगा साबित हो रहा है। जिसका खामियाजा सरकार एवं आम जनों को भुगतना पड़ रहा है।

## कोयला चोरी का मामला विधानसभा में गूंजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** सीसीएल की मगध, आम्रपाली, पिपरवार, अशोका सहित चतरा जिला के सभी कुल परियोजना क्षेत्रों से चोरी का कोयला की प्रतिदिन डिस्को कोयला के नाम पर चोरी हो रही है। प्रत्येक थाना, एसपी, डीएसपी, जिला पुलिस प्रशासन की नजरो से इन परियोजनाओं से हजारो ट्रक कोयला गया, बनारस की मंडियो में खुलेआम बेचा जा रहा है। जिसमे प्रत्यके गाड़ी की इंट्री के नाम पर पचास-पचास हजार प्रशासन,कथाकथित सीसीएल के अधिकारिओ यह राशि मिलती आ रही है। डिस्को मास्टर माइंड प्रशासन के नाम पर पकड़े जाने पर ग्रामीणों को खुले धमकी देकर खुले आम कोयला चोरी की मामला बदस्तूर जारी है।इस मामले को लेकर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने शून्यकाल के दौरान सदन में यह मामला उठाया और राज्य सरकार से इस मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या सीबीआई या एनआई या किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है।उन्होंने सदन को बताया कि सीसीएल की इन परियोजनाओं से प्रतिदिन सैंकड़ों ट्रक/ हायवा से कोयला की चोरी की जा रही है। जिससे करोड़ों रुपये की अवैध वसूली जिला प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत से हो रही है।

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आये लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन, जाति, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र, पेंशन, दिव्यांगों के लिए विभिन्न सुविधाओं, छात्रवृत्ति, भूमि, रोजगार, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। जिसके उपरांत डीसी ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## किड्स वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षा में बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

**रामगढ़( आजाद सिपाही संवाददाता)।** शहर के बाजार टांड़ स्थित के किड्स वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा का परीक्षा फल की घोषणा किया गया। इसे लेकर एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि समाजसेवी पंकज कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य घनश्याम महतो शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आनंद कुमार कुशवाहा ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर किया। इस दौरान विद्यालय के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं जो वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए उन्हें पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष जूनियर वर्ग में युवराज कुमार एवं गौरव ने 100 प्रतिशत अंको से स्कूल टॉपर रहे। वही, सीनियर वर्ग माही कुमारी वर्ग-1 की छात्रा 97 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल टॉपर रही। मौके पर समाजसेवी पंकज कुमार ने सभी बच्चों को बधाइयां देते हुए उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, ऑफिसर आदि बनने का राह दिखाने का काम किया।

## गहमागहमी के बीच हुआ रामनवमी महासमिति चुनाव

अजय चौरसिया



**चतरा( आजाद सिपाही) ।** रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर रविवार को नगर परिषद स्थित पत्थलदास मंदिर परिसर में बैठक हुयी। बैठक में रामनवमी पूजा समिति चतरा शहर के 30 रामनवमी अखाड़ों के अध्यक्ष व सचिव व बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुये। रामनवमी महासमिति के चुनाव गहमागहमी के साथ सम्पन हुआ। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए हिमांशु कुमार व पप्पू यादव ने प्रत्याशी के लिए नाम पेश किया गया। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक शंकर प्रसाद सोनी और गोपाल प्रसाद ने दोनों प्रतियाशियो का नामांकन जमा लिया। शहर के 30 अखाड़ों के अध्यक्ष व सचिव ने गुप्त मतदान किया। गुप्त मतदान में पप्पू यादव को 32 वोट मिले, जबकि हिमांशु कुमार को 28 मत ही प्राप्त हुए। इस तरह पप्पू यादव ने हिमांशु कुमार को 4 मतों से पराजित कर दूसरी बार रामनवमी पूजा महासमिति अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। पर्यवेक्षक ने अध्यक्ष पद के लिए पप्पू यादव का नाम घोषणा की। मौके पर महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पप्पू यादव को सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, सचिव ने माला पहनाकर कर स्वागत किया। महासमिति अध्यक्ष पप्पू यादव ने हनुमान मंदिर में मत्था टेका रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पप्पू यादव ने सबसे पहले हनुमान मंदिर में समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना किया। रामनवमी महासमिति के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर पप्पू यादव को बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी। बधायी देने वालों में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र जैन, मंत्री प्रतिनिधि महरु यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मंदुर साव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष हिमांशु कुमार, दीपक शर्मा, सोनू अग्रवाल, विकास कुमार, राजन केशरी समेत राम भक्तों ने बधाई दी।

## भाजपा पिछड़ा जाति कार्यसमिति के सदस्य बने महेंद्र प्रजापति

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने रविवार को एक पत्र जारी कर भाजपा रामगढ़ जिला के पूर्व महामंत्री महेंद्र प्रजापति को पिछड़ा जाति मोर्चा का प्रदेश समिति सदस्य मनोनीत किया है। और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप के नेतृत्व में संगठन और भी मजबूत होगा। महेंद्र प्रजापति को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर भाजपाइयों व शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधायी दी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाये जाने पर प्रजापति ने कहा है कि पार्टी ने जो मुझे भी जिम्मेदारी दी है उसे निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए पार्टी को और भी सशक्त बनाने का कार्य करूंगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। बधायी देने वालों में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नमेंद्र चंचल, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो, पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव रंजन, रंजन फौजी, तोकेश सिंह, जलेश्वर प्रजापति, डिंपल प्रजापति, रतन साहू, धीरेंद्र साव, नीरज झा, महेश चौधरी, रवि सिन्हा, धीरज साहू, सुशांत पांडे, देवनाथ साव सहित कई भाजपाइयों का नाम शामिल है।

## जेएम कॉलेज में सात दिवसीय शिविर संपन्न



**भुरकुंडा( आजाद सिपाही)।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस ईकाई एक के तत्वावधान में रीवर साइड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का सोमवार को समापन हुआ। समापन शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी, डॉ. अरविंद सहित अंजू ठाकुर, वरिष्ठ स्वयंसेवक आकाश लोहरा, अभिषेक गिरी एवं अर्जुन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन आस्था रानी व रितु कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। अंतिम दिन भी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता सहित विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर शुभारंभ मुख्य अतिथि जेएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने विद्यार्थी जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी ही देश के भविष्य हैं। स्वयंसेवको का कार्य ही जागरूकता फैलाते हुए समाजहित में कार्य करना है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने शिविर के अनुभवों को विद्यार्थियों के बीच साझा की। इस दौरान अलग-अलग कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के लिए स्वयंसेवकों को उपहार देकर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। शिविर के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवको ने एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत व नाटक का मंचन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। शिविर को सफल बनाने में सोनाली सिंह, अंजली सिंह, शुभम, रूद्र प्रताप सिंह, तनवी प्रिया, सानिया फिरदोस, आस्था रानी, आयुष, सरोज, अनवर, रिया, शिवानी, आरती, रितु, पारूल, निधि, कोमल, अर्जुन, प्रियांशु, कंचन, सुमन, स्नेहा, आशीष, अंशु, धनंजय, अर्पणा आदि का विशेष योगदान रहा।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20

शुद्धिपत्र

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 90 / 2022–2023 दिनांक 01.03.2023 क्र. सं. 04 निविदा संख्या 77236003 खुलने की तिथि 03.04.2023

उपरोक्त संदर्भित निविदा में सामग्री उतारने की शर्त जोड़ी गई है। अन्य सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। दिनांक 17.03.2023

851/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक :– 452खूँटी, दिनांक :– 20.03.2023

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी में कार्यरत सभी सफाई कर्मियों को साफ–सफाई से संबंधित स्वच्छोत्सव के तहत 03 दिनवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर भवन खूँटी में देने के लिए विभिन्न एजेंसियों से ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इस हेतु दिनांक 27.03.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक आवेदक निम्नांकित शर्तों पर आवेदन मुहरबंद लिफाफा (EOI) आमंत्रित की जाती है। प्राप्त आवेदन (EOI) दिनांक 27.03.2023 को अपराह्न 4:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कक्ष में खोली जाएगी। आवेदन (EOI) समर्पित करने वाले आवेदक बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

नोट:– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 293175 Urban Development(22-23).D



नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड।
नगर निगम,गिरिडीह।
अति अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

1.अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–UDD/GMC/13/2nd Call/2022-23 दिनांक – 18.03.2023

| क्रमांक | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 |
| i. | अमृत योजना अन्तर्गत सोना आहार तालाब (वार्ड सं0 01) का जीर्णोद्वार कार्य। | 1,55,11,852.00 | 3,10,237.00 | 10,000.00 | 270 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि | दिनांक– 20.03.2023 (पूर्वाहन 11:00 बजे से) | | | |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 27.03.2023( अपराह्न 3:00 बजे तक ) | | | |
| 4. | परिमाण विपत्र का मूल्य एव अग्रधन की राशि आदि कागजात कार्यालय नगर निगम गिरिडीह में जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 28.03.2023( अपराह्न 3:00 बजे तक) | | | |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक–28.03.2023 (अपराह्न 4:00 बजे तक) | | | |
| 6. | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम | उप नगर आयुक्त, नगर निगम, गिरिडीह | | | |
| 7. | निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मोबाईल नंम्बर | 7366966300, 9934579620, 9801048123, 8969047741 | | | |
| 8. | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाइन नंम्बर | 0651-2491232 | | | |

नोट:– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेवसाईट http:WWW.Jharkhandtenders.gov.in/ नगर निगम गिरिडीह के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम,गिरिडीह।

PR 293045 Urban Development(22-23)D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

Short Term e-Procurement Notice (2nd Call)

e-Tender Ref No- 8/ RCD/Daltonganj/2022-23/305 Dated:-18.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Reconstruction of Padma to Chak Via Manatu Missing Link Road for the year 2022-23. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 7,81,28,626.00 (Rupees Seven Crores Eighty One Lacs Twenty Eight Thousand Six Hundred Twenty Six) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 7,81,300.00 (Rupees Seven Lacs Eighty One Thousand Three Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 22.03.2023, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 06.04.2023, 12:00 Noon |
| 7. | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 11.04.2023, 15:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid opening | 13.04.2023, 12:30 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Office of the Chairman , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi. |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 293102 (Road) 22-23 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा (2nd Call ) निविदा सूचना सं0–RCD /DHANBAD/367/2022-23

दिनांक : 18.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | ''Widening of Existing RUB (Rail under Bridge) Bridge No.-1, Gaya Bridge of Railway at Km 12.00 of NH-32 in Dhanbad (i.e. Construction of new RUB beside of Existing RUB) under Plan head for the year of 2022-23''. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | रू0 23,84,81,900/– |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |
| 4. | ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.04.2023 के पूर्वाह्न 12.00 बजे तक |
| 5. | ई–निविदा का बेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28.03.2023 के पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 6. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान | 05.04.2023 के 12:00 बजे दोपहर से मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–02, धुर्वा रॉची। |
| 7. | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 8. | ई–प्रोक्यूरमेन्ट अधिकारी का सम्पर्क नं0 | 0326–2313368 |
| 9. | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का सम्पर्क सहायता नम्बर | 0651–2401010 |

विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, धनबाद

PR 293181 Road(22-23).D

# अमृतपाल पर शिकंजा

आखिर पंजाब पुलिस ने कट्टरपंथी सिख उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। शनिवार को वह पुलिस टीम को चकमा देने में जरूर कामयाब हो गया, लेकिन पुलिस ने उसके कुछ करीबी सहयोगियों समेत बड़ी संख्या में समर्थकों को गिरफ्तार किया। अमृतपाल को फरार घोषित कर दिया गया है और पुलिस टीमें उसे जगह-जगह तलाश रही हैं। इस बीच उसके पैतृक गांव के आसपास तो कड़ी घेराबंदी कर ही दी गयी है, पूरे राज्य में सोमवार दोपहर तक के लिए इंटरनेट शाटडाउन भी कर दिया गया है। ये कदम इसलिए जरूरी थे, क्योंकि यह पूरा मामला बेहद संवेदनशील है। न केवल राज्य के अंदर अमृतपाल के समर्थक इन कार्रवाइयों को धार्मिक रूप देने का प्रयास कर सकते हैं, बल्कि पड़ोसी देश की तरफ से भी अवांछित तत्व ऐसे कुत्सित प्रयासों को हवा दे सकते हैं। मिली सूचनाओं के मुताबिक, ऐसे कुछ प्रयास शुरू भी हो गये हैं। ऐसी अफवाहें उड़ाने की कोशिश की जा रही हैं कि पंजाब में बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है और धार्मिक स्थानों में आग भी लगायी गयी है। पड़ोसी देश में सक्रिय भारत विरोधी तत्वों की ऐसी करतूतें नयी या अप्रत्याशित नहीं हैं। इन पर नजर रखने और उपयुक्त मंचों पर सही तरीके से कार्रवाई करते हुए रोक लगाने के प्रयास जारी रहने चाहिए। लेकिन फिलहाल पहली जरूरत है, उन तत्वों पर अंकुश लगाने की, जो भारत में रहते हुए यहां का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अमृतपाल और उसके समर्थकों का पिछले कुछ समय का रवैया बताता है कि वे सारी हदें पार करते जा रहे हैं। हथियारबंद समर्थकों के साथ चलना, खुलेआम खालिस्तान की बात करना, अपने समर्थकों से खुद को भिंडरांवाले-2.0 कहलवाना- ऐसी हरकतों से साफ है कि इस देश की कानून-व्यवस्था के लिए उसके मन में कोई सम्मान नहीं रह गया है। खास तौर पर अमृतसर के अजनाला में पिछले महीने हुई घटना ने तो बची-खुची कसर भी पूरी कर दी। वहां जिस तरह पवित्र ग्रंथ का इस्तेमाल करते हुए हथियारबंद भीड़ पुलिस थाने में घुस गयी और लगभग जबरन अपने लोगों को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया, वह इस बात का साफ सबूत था कि पंजाब में हालात बेकाबू होने की ओर बढ रहे हैं। इसके बाद पुलिस और प्रशासन के लिए यह स्थापित करना अनिवार्य था कि राज्य में कोई भी ऐसे कानून हाथ में लेने की कोशिश करके खुला घूमता नहीं रह सकता। सच है कि पुलिस ने तत्काल एक्शन नहीं लिया। लेकिन यह बात भी सही है कि आधी अधूरी कार्रवाई से सही संदेश नहीं जाता। इसलिए यह अच्छा ही है कि पुलिस ने सुनियोजित ढंग से, पूरी तैयारी के बाद कदम उठाया है। लेकिन अब इसे अधूरा न छोड़ा जाये। यह देखना भी जरूरी है कि विदेशों से इन तत्वों को इतनी ताकत क्यों और कैसे मिलने लगती है। भले वक्त लगे, लेकिन इस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाये।

**सच है कि पुलिस ने तत्काल एक्शन नहीं लिया। लेकिन यह बात भी सही है कि आधी अधूरी कार्रवाई से सही संदेश नहीं जाता। इसलिए यह अच्छा ही है कि पुलिस ने सुनियोजित ढंग से, पूरी तैयारी के बाद कदम उठाया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज इशारे, बोली या चेहरे के संकेतों से बहुत कुछ कर गुजरने की क्षमता हासिल होती जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि 21वीं सदी का यह दौर आर्टफिशियल इंटैलीजेंस (एआइ) या कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है इसकी शुरुआत 1950 के दशक में हुई, लेकिन निर्णायक मुकाम तक पहुंचने में थोड़ा वक्त लगा। इसका मतलब यह नहीं कि यह एकाएक पैराशूट से आ गिरा और दुनिया में छा गया।**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नये दौर के लिए तैयार रहें

ऋतुपर्ण दवे



बहुत जल्द आने वाला दौर खुल जा सिमसिम से कम नहीं होगा। तब अली बाबा और चालीस चोर एक गुफा में रखे खजाने तक पहुंचने की खातिर दरवाजा खोलने और बंद करने के लिए सिमसिम बोला करते थे। आज इशारे, बोली या चेहरे के संकेतों से बहुत कुछ कर गुजरने की क्षमता हासिल होती जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि 21वीं सदी का यह दौर आर्टफिशियल इंटैलीजेंस (एआइ) या कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है इसकी शुरुआत 1950 के दशक में हुई, लेकिन निर्णायक मुकाम तक पहुंचने में थोड़ा वक्त लगा।

इसका मतलब यह नहीं कि यह एकाएक पैराशूट से आ गिरा और दुनिया में छा गया। एआइ 1970 के दशक में लोकप्रिय होने लगा था जब जापान इसका अग्रणी बना। 1981 आते-आते सुपर कंप्यूटर के विकास की 10 वर्षीय रूप-रेखा तथा 5वीं जेनरेशन की शुरुआत ने रफ्तार दी। जापान के बाद ब्रिटेन भी चेता। उसने एल्बी प्रोजेक्ट तो यूरोपीय संघ ने भी एस्पिरिट की शुरुआत की। अधिक गति देने या तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए 1983 में कुछ निजी संस्थानों ने एआइ के विकास की खातिर माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर टैक्नोलॉजी संघ बना डाला।

**एआइ ने व्यापार के पूरे तौर-तरीके बदल दिये। हरेक उद्योग, व्यापार इसके बिना अधूरा और अनुपयोगी है।**

सच तो यही है कि एआइ की कहां-कहां और कैसी दखल होगी जिसकी न तो कोई सीमा है और न अंत। हर दिन नये-नये फीचरों के साथ करिश्माई तकनीक पहले से बेहतर विकल्पों के साथ परिवर्तनों, सुधार या विकसित होकर सामने होती है। दुनिया सबसे पहले इसके सहज रूप रोबोट से रू-ब-रू हुई जो सबकी पहुंच में नहीं रहा। लेकिन इस तकनीक ने घर-घर दस्तक देकर अपनी निर्भरता खूब बढ़ाई। अब साल भर में मोबाइल, टीवी, गैजेट्स आऊटडेटेड लगने लगते हैं। आगे क्या होगा अकल्पनीय है। सच है कि कृत्रिम बुद्धि की दौड़ इंसानी बुद्धि पर भारी दिखने लगी है।

एआइ ने व्यापार के पूरे तौर-तरीके बदल दिये। हरेक उद्योग, व्यापार इसके बिना अधूरा और अनुपयोगी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि या फिर नागरिक शासन प्रणाली सब में जबरदस्त दखल बेइंतहा है। आसमान में सैटेलाइट, उड़ता हवाई जहाज, पटरी पर दौड़ती रेल-मेट्रो सभी कृत्रिम मेधा के नियंत्रण में है। घर में साफ-सफाई से लेकर खाना बनाना, टीवी ऑन-ऑफ करना, चैनल बदलना, एसी चालू-बंद करने जैसे सारे काम एआइ आधारित होते जा रहे हैं।

कल सुरक्षा व्यवस्थाएं भी मानव रहित तकनीक पर आधारित होकर अधिक चाक-चौबंद होना तय है। भारत में डीआरडीओ सहित कई स्टार्टअप पर काम चल रहा है। स्वचलित स्वायत्तता के एआइ वाले दौर में कल्पना से भी बेहतर उपकरण होंगे, जो ज्यादा प्रभावी, आक्रामक तथा सटीक यानी चूक रहित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भी देश की आत्मनिर्भरता में एआइ को लेकर सकारात्मक है। 21वीं सदी का भारत टेक्नोलॉजी में मजबूत बन रहा है।

प्रधानमंत्री आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस से समाज की बड़ी-बड़ी समस्याओं का हल खोजने के पक्षधर हैं। वह प्रौद्योगिकी आधारित जीवन सुगमता यानी 'ईज ऑफ लिविंग यूजिंग टेक्नोलॉजी' पर मंशा जता चुके हैं। उन्होंने वन नेशन-वन राशन-कार्ड, जेएएम यानी जनधन-आधार-मोबाइल की त्रिवेणी, डिजी लॉकर, आरोग्य सेतु और को-विन ऐप, रेलवे आरक्षण, आयकर प्रणाली से जुड़ी शिकायतों के फेसलैस निपटान और सामान्य सेवा केंद्रों के उदाहरण दिये।

एआइ की बैंकों, वित्तीय संस्थानों के डाटा को व्यवस्थित, सुरक्षित और प्रबंधित करने के साथ तमाम स्मार्ट और डिजिटल कार्डों के सफल संचालन के साथ समुद्र के गहरे गर्भ में खनिज, पैट्रोल, ईंधन की खोज और खुदाई में भूमिका जबरदस्त है। सबने देखा दिल्ली की चालक रहित मैट्रो या दुनिया में बिना ड्राइवर की ऑटोपायलट कार के भविष्य की शुरुआत और टेसला को लेकर उत्साह है। एआइ तकनीक से जल्द ही चौक-चौराहों पर बिना पुलिस के अचूक स्मार्ट पुलिसिंग की पहरेदारी दिखेगी।

अनेकों खूबियों से लैस 360 डिग्री घूमने में सक्षम कैमरे, जो हरेक गतिविधियों को भांपने, पहचानने में दक्ष तथा कंट्रोल रूम में तैनात टीम को चुटकियों में सूचना सांझा कर मौके पर पहुंचाने में मददगार होंगे। वहीं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की खातिर वरदान बन हरेक वाहन में ऐसी सैंसर प्रणाली विकसित भी हो सकेगी जो खुद-ब-खुद सामने वाली गाड़ी की स्थिति, संभावित चूक या गड़बड़ी को पढ़ कर स्वतः नियंत्रित हो जाये, तो भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस पर भारत में भी काम चालू है।

भारतीय सड़कों की खातिर लेन रोडनैट यानी एलआर नैट से लेन के निशान, टूटे डिवाइडर, दरारें, गड्ढे यानी आगे खतरे की पहले ही जानकारी ड्राइवर को हो जायेगी। ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस का उदाहरण सामने है, जो हमें आसमान से धरती की अनजान जगह पर बिना किसी से पूछे सुरक्षित रास्ते से पहुंचाता है। लोकेशन शेयर करने पर मूवमेंट की जानकारी देने जैसा सारा कुछ एआइ की ही देन है।

**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की खातिर वरदान बन हरेक वाहन में ऐसी सैंसर प्रणाली विकसित भी हो सकेगी, जो खुद-ब-खुद सामने वाली गाड़ी की स्थिति, संभावित चूक या गड़बड़ी को पढ़ कर स्वतः नियंत्रित हो जाये, तो भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस पर भारत में भी काम चालू है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# जुगसलाई फायरिंग मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों जुगसलाई के इस्लाम नगर में अपराधियों ने जाहिद हुसैन उर्फ विक्की को गोली मारने की मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। सोमवार को पुलिस के दवाव से घटना में शामिल आरोपी मो. अरमान उर्फ राजा, मो. अरमानुद्दिन और मो सदाब हुसैन ने थाना में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी कट्टा,घटना स्थल से एक खोखा,घटना में प्रयुक्त स्कूटी को बरामद कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया रविवार रात जाहिद पर फायरिंग की गई थी।

### देसी कट्टा समेत अन्य सामान बरामद



### इलाके में वर्चस्व को लेकर फायरिंग हुई थी

इस मामले में तीन आरोपी से पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली इलाके में वर्चस्व को लेकर फायरिंग की गई थी। बीते दिनों अरमान उर्फ राजा और जाहिद की बाइक में टक्कर हो गई थी। जिसको लेकर विवाद शुरू हुआ था। उसके बाद दोनों में विवाद बढ़ता गया। घटना में भी यही तीनों ही शामिल थे। उन्होंने बताया घायल जाहिद भी पूर्व में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। जाहिद माजिद के घटनास्थल पर रहने की बात बताई थी जांच में गलत पायी गई। हालांकि पुलिस इस मामले में भी जांच कर रही है।

# विहिप बजरंग दल ने श्रीराम महोत्सव और हिंदू नव वर्ष को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** श्रीराम महोत्सव एवं हिंदू नव वर्ष को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जमशेदपुर महानगर ने सोमवार को चंदन (सामाजिक समरसता प्रमुख) और ऐमसाई (धर्म प्रचार प्रमुख) की अध्यक्षता में टेल्को टीओपी मंदिर में बैठक का आयोजन किया। जिसमें यह चर्चा की गयी कि एकत्रीकरण संडे मार्केट 21 मार्च में 3 बजे से होगा। बैठक में विनीत शर्मा और नितेक शर्मा का मार्गदर्शन मिला। मुख्य रूप से कुश सिंह, गौरव कुमार, अक्षय वोहरा, मोहित कुमार, आकाश कुमार सिंह, मुन्ना, राहुल, सुभाष, संजय, हिमांशु समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जमशेदपुर पुलिस ने नौ अपराधियों को किया गिरफ्तार, कई सामान बरामद

**एक पिस्तौल,दो देसी कट्टा, 26 जिंदा कारतूस, चाकू, सोना गला हुआ, सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, सोने के कान के टॉप्स, कान की बाली, लूटा गया ब्रासलेट, काले रंग का बैग, 2 लाख 15 हजार 500 रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल और 11 मोबाइल सेट बरामद।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर एवं ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को पुलिस ने एक वार फिर बड़ी सफलता को शासिल की है। पुलिस ने कुख्यात डकैत रहीम खान उर्फ बड़कू समेत नौ अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया सभी अपराधी घूम-घूम कर अलग अलग क्षेत्रों में लूट कांड की घटना को अंजाम देते थे। अपराधियों के द्वारा जमशेदपुर के कोवाली, घाटशिला, पोटका, आजाद नगर, गुड़ाबांधा, झाड़ग्राम, जादूगोड़ा, ओड़िशा समेत अन्य स्थानों में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। इनके पास से पुलिस ने एक पिस्तौल, दो देसी कट्टा, 26 जिंदा कारतूस, चाकू, सोना गला हुआ, सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, सोने के कान के टॉप्स, कान की बाली, लूटा गया ब्रासलेट, काले रंग का बैग, 2 लाख 15 हजार 500 रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल और 11 मोबाइल सेट बरामद किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये अपराध कर्मियों में रहीम खान उर्फ बड़कू, ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया पुलिस को काफी दिनों से रहीम खान और उसके गैंग की तलाश थी। गैंग के द्वारा 14 मार्च को मुसाबनी में एक डकैती कांड को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक टीम गठन कर कारवाई की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया। इस घटना के बाद एक लूट, डकैती के अलावा पोटका में लूट की घटना का उद्भेदन किया गया। एसएसपी ने बताया रहीम खान पर 1 दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गैंग में अब तक कुल 16 अपराधी को जेल भेजा गया है।

# हिंदू नव वर्ष उत्सव समागम की तैयारी पूरी, लगाया भगवा ध्वजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य मे अगामी 22 मार्च को होने वाले कार्यक्रम हिंदू नव वर्ष उत्सव समागम को अंतिम रूप देने के लिए संजोजक नंदजी प्रसाद के नेतृत्व में समिति के सदस्यों के द्वारा हर एक बिंदु पर चर्चा की गई। सोमवार को बैठक में सभी के सहमति से 11,100 दीपों की श्रीखला कैसे बनेगी, दीप प्रज्वलन एवं आरती में किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो इस अपर सदस्यो की एक टोली बनायी गई है। राममंदिर परिसर के मैदान में भजन संध्या के लिए मंच का निर्माण के लिए चर्चा की गई। बैठने के लिए प्रयाप्त इंतेजाम, प्रसाद वितरण का काउंटर व कार्यक्रम को सुचारू रूप से करने के लिए चर्चा की गई। वही सोमवार से पूरे छेत्र को भगवा ध्वजा से सजाया गया। उत्सव समागम में ज्यादा से ज्यादा लोग जुटे इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति के सभी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्साहित है। मौके पर दुर्गा प्रसाद,अजय शर्मा, विजय सिंह,निरंजन पांडे,बलवीर पांडे, राजू सिंह,रॉकी सिंह,राजेश कुमार,पारस नाथ दुबे, अखिलेश शर्मा, रामपुकार प्रसाद, सीनू राव, जयति दूबे, प्रेम राव, गणेश पिला, आशीष राव, संभू रजक, शंकर दुबे, चंदन प्रसाद, रवि कुमार, राजकुमार रजक, जितेंद्र प्रसाद, देवेंद्र, संजय, नंदकिशोर सिंह, प्रियांशु सिंह, राजेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# परिवारों के बीच फलदार पौधे और बीज का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** पटमदा के सबर टोला में एनइपी डायरेक्टर ज्योत्सना सिंह के नेतृत में जेटीडीए के द्वारा सबर परिवार को जागरूक किया गया। सोमवार को जिला उद्यान विभाग के द्वारा विकास योजना के तहत पपीता, नेनुआ, लोकी, करेली का पौधा एवं बीज का 51 परिवारों के बीच वितरण किया गया। मौके पर डायरेक्टर ज्योत्सना सिंह ने मुखिया को स्कूल का निरीक्षण कर स्कूली बच्चों को सरकार की सभी सुविधायें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा सबर परिवारों को सरकार की सभी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करें। डोगागोरल के सामुदायिक भवन का मरम्मती, जल मीनार का मरम्मती, दीदी बाड़ी का स्वीकृति, फलदार पौधो को बढ़ावा सहित कई योजनाओं को पंचायत सचिव को पूरा करने का निर्देश दिया। मुखिया गंगाधर सिंह ने कहा जो बीज मिल रहा उसका उपयोग कर उत्पादन करने का प्रयास करें। पशुधन को पालकर विशेष उत्पादन करने का प्रयास करें। मौके पर एनइपी डायरेक्टर ज्योत्सना सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी अनिमा लाकड़ा, मुकेश कुमार, अभिषेक झा, याशवनी नंद, फरीदा खान, बीएओ देव कुमार, महिला जागृति समिति संस्था के डायरेक्टर माही राम महतो, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार पटेल, जिला कोऑर्डिनेटर बालिका महतो, असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अरशद, आरएमआइएस ऑफिसर मानस कुमार बेहरा, सहायक रंजीत कुमार सहित पटमदा, बोड़ाम और जमशेदपुर के एलआरपी शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रामनवमी पर्व को लेकर कांडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने की। बैठक में इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी पर्व प्राचीन काल से शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। इसलिए इस वर्ष भी शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से यह पर्व मनायें। कोई दिक्कत हो तो पुलिस को सूचित करें, जिससे कि ठीक समय पर पुलिस पहुंच सके। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा जारी गाइड लाइन का अनुपालन करना जरूरी है। किसी भी स्थिति में आपसी सौहार्द बिगड़ना नहीं चाहिए। लोग आपसी मेलमिलाप के साथ रामनवमी पर्व को मनायें। अंचलाधिकारी अजय कुमार दास ने कहा कि किसी भी स्थिति में आपसी भाईचारा टूटना नहीं चाहिए। वहीं थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पर मनायें। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। मौके पर एसआई सुमन कुमार शर्मा, स्वामी रंजन ओझा, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, जिला पार्षद सुष्मा कुमारी, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, गाड़ा खुर्द मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह, कांडी मुखिया विजय राम, शिवपुर मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, मुर्तुजा अंसारी, आबिद खलीफा, विनोद प्रसाद, श्रीकांत पाण्डेय, अमित दुबे, शशि रंजन दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### यातायात नियमों का पालन नहीं करनेवालों को थाना प्रभारी ने फूल-माला पहना कर किया जागरूक



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** सड़क हादसों में कमी लाने और यातायात नियमों का पालन करने के उद्देश्य से धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने सोमवार के कर्पूरी चौक के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को फूल-माला पहनाकर सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों से आग्रह किया गया की जीवन अनमोल है। बाइक चलाते समय हेलमेट पहनें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटना होने से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाना गैरकानूनी है, पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, ट्रिपल सवारी नहीं बैठाने, शराब या नशीली पदार्थों का सेवन कर वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने तथा ड्राइविंग लाइसेंस सहित गाड़ी के सभी कागजात दुरुस्त रखने की सलाह दी गई।

### गढ़वा जिला वेटलिफ्टिंग राज्य संघ के कार्यकारी सदस्य बने चंद्र बहादुर सिंह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गत 19 मार्च को रांची मोराबादी के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित झारखंड वेटलिफ्टिंग संघ के एजीएम चुनाव में गढ़वा जिला वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह अगले चार वर्ष के लिए राज्य कमेटी में कार्यकारी सद्स्य के रूप में चुने गए। यह गढ़वा जिला के वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। इस अवसर पर वेटलिफ्टिंग संघ के खिलाड़ियों ने उम्मीद जताई है कि राज्य कमेटी में दायित्व मिलने से जिला में इस खेल का विकास बहुत तीव्र गति से होगा। राज्य संघ के कार्यकारी सद्स्य चुने जाने पर चंद्र बहादुर सिंह को शैलेंद्र कुमार पाठक अध्यक्ष गढ़वा जिला ओलंपिक संघ, आलोक मिश्रा महासचिव, रामआशीष तिवारी उर्फ मुन्ना सर अध्यक्ष गढ़वा जिला वेटलिफ्टिंग संघ, अरविंद कुमार, किशोर कुणाल, ओम प्रकाश गुप्ता, रामप्रवेश तिवारी, ललन पहलवान, कुश कुमार, प्रितम गोंड, संतोष कांस्यकार, मुकेश गोंड के नाम शामिल हैं। उक्त जानकारी गढ़वा जिला वेटलिफ्टिंग संघ के कोषाध्यक्ष निलेश कुमार ठाकुर ने दी।

**कार्यक्रम :** नेहरू युवा केंद्र संगठन ने किया जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

# युवा खुद को सशक्त, जागरूक और शिक्षित बनायें : अलखनाथ

**कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित बंधन मैरेज हॉल में नेहरू युवा केंद्र संगठन गढ़वा के तत्वावधान में जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य सिमिति सदस्य अलख नाथ पांडेय, सिविल सर्जन अनिल कुमार, नेहरू युवा केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर ललिता कुमारी, मीडियाकर्मी विनोद कुमार पाठक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता दत्त, पतंजलि के रासबिहारी तिवारी एवं भाजपा सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पअर्पित कर किया।

इस दौरान कार्यक्रम के तहत जी- 20, वाई-20 सहित अन्य विषयों पर अतिथियों द्वारा विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अलख नाथ पांडेय ने कहा कि युवा खुद को सशक्त, जागरूक और शिक्षित बनायें। युवाओं को कानून, सरकार की नीतियों, कौशल विकास, स्वास्थ्य, कर्तव्यों का पालन करते हुए और जीवन कौशल के प्रति जागरूक होकर स्वरोजगार की ओर बढ़ना होगा। वहीं इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नेहरु युवा केन्द्र के डिप्टी डायरेक्टर ललिता कुमारी ने विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं साथ ही युवाओं से देश हित के लिए आगे आने की अपील भी की। वहीं सिविल सर्जन अनिल कुमार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बात रखकर लोगों को इसके बारे में जानकारी दी। वहीं मीडियाकर्मी विनोद कुमार पाठक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का सम्पूर्ण जीवन युवाओं के लिए समर्पित रहा है। स्वामीजी ने युवाओं के बारे में सारगर्भित विचार दिए हैं, जिसके कारण आज भी वे युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। वहीं कार्यक्रम में अन्य बतौर अतिथियों ने जी-20, वाई-20 विषय पर अपना मंतव्य युवाओं के बीच रखते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व व्यवसायिक तथा आर्थिक समस्याओं से समस्याओं जूझ रहा है। समस्याओं के निराकरण हेतु विश्व के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों का समूह है जो जी-20 कहलाता है। वहीं वाई-20 का प्रमुख उद्देश्य आज के युवाओं में नशा मुक्त, पर्यावरण के विषय में जागरूक करना एवं स्वरोजगार सिर्जन विकास वित्तीय मामले में मजबूत प्रदान करेगा। मौके पर युवाओं ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बातें रखी। साथ ही कार्यक्रम में जल संरक्षण के बारे में लोगों को शपथ दिलायी गई। इस मौके पर लेखपाल चार्ल्स बोदरा, एमटीयस रमेश कुमार नितीन कुमार तिवारी, मुखिया रविंद्र कुमार, दिलीप कुमा चौधरी, रामशंकर चौबे, आनंद मोहन चौबे, अभिजीत कुमार पाठक, नंद कुमार सिंह, धनंजय कुमार तिवारी, पुष्परंजन, शम्भू कुमार तिवारी, अरविंद कुमार तिवारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, सूफिया खातून, रानी कुमारी, प्रभा होरहोरो, कुमारी पूजा सिंह, मोहित चौधरी, दिलीप कुमार, सत्यम कुमार, दिलीप कुमार, धनजंय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वहीं कार्यक्रम में मंच संचालन नीरज श्रीधर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरेंद्र कुमार ने किया।

## इलाज के दौरान प्रसूता की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरतने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के कचहरी रोड स्थित मां लक्ष्मी क्लीनिक में प्रसव कराने पहुंची एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मौत के बाद मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार मृतक मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी विशाल कुमार चंद्रवंशी की पत्नी नेहा कुमारी 25 वर्ष बतायी गयी है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि नेहा कुमारी को प्रसव पीड़ा हो रही थी। जिसके बाद वे लोग अपने गांव के सहिया संगीता कुमारी से संपर्क किये। सहिया के कहने पर हम लोग अपने मरीज को लेकर महालक्ष्मी क्लीनिक के पास पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मरीज को भर्ती कराने के बाद उसे ऑपरेशन कराने की सलाह दी। जिसके बाद इंजेक्शन लगाए गए। कुछ देर के बाद महिला को होश नहीं आया। जिसके बाद मां लक्ष्मी क्लीनिक के चिकित्सकों के द्वारा उसे यह कहते हुए रेफर कर दिया गया कि आपका मरीज काफी सीरियस है। मरीज के परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस से लेकर उक्त महिला को बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने लगे। जिसके बाद उसकी हालत और गंभीर हो गई। परिजन वापस मरीज को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने नेहा कुमारी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामला को जाना। मृतक के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### खाद्य सुरक्षा अंतर्गत लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप में 45 आवेदन आये

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में खाद्य सुरक्षा अंतर्गत लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन हेतु कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में रजिस्ट्रेशन हेतु कुल 45 आवेदन पत्र प्राप्त हुए व लाइसेंस के लिए दो आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जानकारी देते हुए विपेश तमांग ने बताया कि सभी खाद्य सुरक्षा अंतर्गत अनुमंडल के दुकानदारों से व्यवसाय करने के लिए आवेदन लिया जा रहा है। मौके पर अनुमंडल सहायक उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का 11 दिवसीय वार्षिक महोत्सव आज से



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का तीसरा वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को किया जाएगा। 11 दिवसीय महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक के बाद संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत कहा कि हजारों लोगों के आस्था का केंद्र मां सायर देवी धाम का भव्य व आकर्षक मंदिर निर्माण के उपलक्ष में इस वर्ष तीसरा वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। 11 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 21 मार्च दिन मंगलवार की शाम 6 बजे गढ़वा के प्रसिद्ध मानस मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ से किया जाएगा। 22 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से जल यात्रा के साथ 9 दिवसीय श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण महायज्ञ तथा मेला प्रारंभ होगा। 22 मार्च से 30 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन किया जाएगा। 30 मार्च को यज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। अंतिम दिन 31 मार्च की रात्रि में भोजपुर (बिहार) के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक सुरेश तिवारी एवं औरंगाबाद (बिहार) के विकास तूफान के बीच दुगोला चैता का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कार्यक्रम के प्रभारी विजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, विनोद प्रसाद, मोतीचंद प्रसाद, अंबिका यादव, राजेंद्र प्रसाद, रामेश्वर विश्वकर्मा, मनोज जायसवाल, कृष्णा प्रसाद, रामप्रीत ठाकुर, विनोद कुशवाहा, विजय ठाकुर, राजबली यादव सहित कई लोग थे।

**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरही**

**शुद्धि–पत्र**

प्रखण्ड कार्यालय, बरही के ज्ञापांक–607, दिनांक 04.03. 2023 सहपठित PR संख्या–292028 द्वारा प्रकाशित Solar Energized Street Light Sysytem अधिष्ठापन हेतु निविदा की तिथि दिनांक 23.03.2023 को (गुरूवार) को निर्धारित की जाती है। अन्य सभी शर्ते पूर्वरत रहेंगी।

PR 293127
District(22-23)D

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
बरही, हजारीबाग।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, पिनकोड - 835207 गुमला
फोन - 06524-224960, 222390 ई मेल : ssa09gumla@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सामग्रियों के क्रय के लिए निविदा की नियम एवं शर्त्तो का प्रकाशन के संबंध में :–**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10. 2022 के आलोक में जिला के 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं 02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सामग्रियों यथा, खाद्य पदार्थ एवं अन्य (पैकेज–1), हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि (पैकेज–2), पोशाक एवं अन्य वस्त्र (पैकेज–3) एवं स्टेशनरी सामग्री (पैकेज–4) की आपूर्ति के लिए PR. No. 291082 Jharkhand Education Project Council (22-23)#D दिनांक 25.02.2023 द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा प्रपत्र एवं शर्ते में संशोधित किया जाता है कि :–

**"निविदा प्रक्रिया के क्रम में यदि,**

1. जिस प्रखंड में विद्यालय अवस्थित है, के निविदादाता को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
2. संबंधित प्रखंड किसी संस्थान/फर्म के द्वारा निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लिया जाता है तो अन्य प्रखंड के संस्थान/फर्म को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा।
3. सभी विद्यालयों के 4 अलग–अलग पैकेज निविदा प्रकाशित किया जायेगा तथा प्रत्येक पैकेज में आने वाली सामग्रियों हेतु न्यूनतम दर अंकित करने वाले वाले निविदादाता को आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
4. जो संस्थान/फर्म जिस प्रखंड के विद्यालय में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रक्रिया में भाग लेगें उनका भौतिक संरचना संबंधित प्रखंड में होना चाहिए।

**निविदा की शेष कंडिका एवं शर्त्ते यथावत रहेगी।**

उपरोक्त के आलोक में दिनांक 19.03.2023 से दिनांक 25.03.2023 तक गुमला जिला के https://gumla.nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है या झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला से प्राप्त कर भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक 25.03.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला, इम्पोरियम भवन में (सदर अस्पताल के सामने) रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं/प्रतिनिधि के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR 293051 Jharkhand Education Project Council (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– 24/2022–23**
**(SCA योजनामद अंतर्गत स्वीकृत)**

1. विभाग का नाम –पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता –कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय –27/03/2023 के अपराह्न 3.30 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोडकर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –28/03/2023 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय –29/03/2023 के अपराह्न 4.30 बजे
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –1)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, लोहरदगा 2)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
7. निविदा प्राप्ति का स्थान –कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,लोहरदगा

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200 x 165 mm dia & 180 mtr. (av.) depth HYDT and Arrangement of Water Supply through Submersible Motor Pump in Akasi Health Center Bhandra Lohardaga District. | SCA/LOH/HYDT-1 | 3,29,479.00 | 6,600.00 | 750.00 | 45 Days |
| 2 | Construction of 200 x 165 mm dia & 180 mtr. (av.) depth HYDT and Aggrangement of Water Suppl y in Bhitha Health Center Bhandra Lohardaga District. | SCA/LOH/HYDT-2 | 3,32,000.00 | 6,700.00 | 750.00 | 45 Days |
| 3 | Construction of 200 x 165 mm dia & 180 mtr. (av.) depth HYDT and Arrangement of Water Supply in Barhi Health Center Senha Block Lohardaga District. | SCA/LOH/HYDT-3 | 3,29,977.00 | 6,600.00 | 750.00 | 45 Days |
| 4 | Construction of 200mm x165mm x150.00 M deep high yield Drilled Tube well at Near Masmano Devi Mandap Block Bhandra, District Lohardaga. | SCA/LOH/HYDT-4 | 2,70,665.00 | 5,500.00 | 750.00 | 45 Days |
| 5 | Construction of 200mm x165mm x150.00 M deep high yield Drilled Tube well at Masmano Durga Puja Mandap Block Bhandra, District Lohardaga. | SCA/LOH/HYDT-5 | 2,70,665.00 | 5,500.00 | 750.00 | 45 Days |
| 6 | Construction of 200mm x165mm x150.00 M deep high yield Drilled Tube well at CRPF HQ, District Lohardaga. | SCA/LOH/HYDT-6 | 2,70,665.00 | 5,500.00 | 750.00 | 45 Days |
| 7 | Construction of 5 nos. of 200mm x165mm x150.00 M deep high yield Drilled Tube well at Police line Lohardaga. | SCA/LOH/HYDT-7 | 13,53,323.00 | 27,100.00 | 2,500.00 | 45 Days |

नोट : 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. नलकूपों की संख्या प्राप्त शिकायत के आधार पर घट अथवा बढ़ सकती है। तद्नुरूप वास्तविक कार्यों के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR293140 (Lohardaga)22-23*D

**कार्यक्रम :** कलवार ब्याहुत जयसवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित

# समाज हित में लिये गये कई अहम निर्णय

**अतिथियों को भगवान श्री बलभद्र एवं श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की तस्वीर एवं मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के टंडवा शगुन बैंक्विट हॉल प्रांगण में कलवार ब्याहुत जायसवाल समाज द्वारा वैवाहिक परिचय सह जिला पारिवारिक महासम्मेलन का आयोजन संरक्षक डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता एवं समाज के अध्यक्ष विनोद जयसवाल नेताजी की अध्यक्षता में किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन मिसेज इंडिया एवं झारखंड बार एसोसिएशन के रिंकु भगत, सदस्य मधुकर जी रक्षा मंत्रालय सरकार के कर्नल, विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय जायसवाल बीजेपी रांची झारखंड राज्य, विजेंद्र टाक बंगलुरु राष्ट्रीय महासभा अध्यक्ष, राम रतन टाक राष्ट्रीय महासभा अध्यक्ष, राजस्थान रणछोड़ समाज के संरक्षक, अध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष सभी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं मंच संचालन महिला अध्यक्ष विनीता आनंद सचिव शशि शेखर गुप्ता एवं सदस्यता प्रभारी राकेश कुमार ने किया।

लोगों का कहना था कि विशेष रूप से संगठन की मजबूती हेतु प्रखंड पंचायत अनुमंडल जिला स्तरीय अलग-अलग कमेटी बनायी जाए ताकि वैश्य परिवार की अलग पहचान बन सके।

वहीं समाज के संरक्षक डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बैनर को और अधिक बढ़ाने हेतु कलवार ब्याहुत जायसवाल सोंडिक्स समाज का बैनर होना चाहिए कारण की पूर्व से ही सभी समाज में शादी विवाह लड़का लड़की का होते आया है। बेटी रोटी का संबंध है जबकि समाज की कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संरक्षक, वरिष्ठ नागरिक पुरुष एवं महिला सभी को शॉल ओढ़ाकर बुके देकर एवं मां गढ़देवी की तस्वीर देकर स्वागत किया गया।

विशिष्ट अतिथि रणछोड़ जी, राम रतन टाक एवं विजेंद्र टाक ने कहा कि हम सभी समाज के लिए जिला, राज्य एवं देश स्तरीय कई सम्मेलनों में आते-जाते रहते हैं। कारण कि समाज का अलग महत्व होता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वैवाहिक कार्यक्रम जोड़ने, शादी विवाह कराने, परिचय कराने, आर्थिक रूप से कमजोर रहने पर पढ़ाने लिखाने आदि की व्यवस्था हम लोग कभी भी कर सकते हैं ताकि समाज अधिक मजबूत हो सके। विनय जायसवाल ने कहा कि चाहे कोई भी सरकार को वैश्य परिवार के बिना चलाना असंभव है।

वैश्य समाज के उपाध्यक्ष रविंद्र जयसवाल ने कहा कि विभिन्न प्रखंड में घूम-घूम कर कमेटी का निर्माण किया जाएगा। मौके पर सरस्वती देवी, बरती देवी, निर्मला देवी, लता देवी, मंजू देवी, राधिका जयसवाल, देवनाथ शाहजी, शिव साहू, जोखू प्रसाद, देव कुमार प्रसाद, सतनारायण प्रसाद, दशरथ प्रसाद, सरजू प्रसाद, सुरेश जयसवाल, डॉक्टर अमित कुमार, एमएस सदर अस्पताल गढ़वा, डॉ संजय कुमार, सरस्वती चिकित्सालय गढ़वा, प्रवीण जयसवाल अधिवक्ता शिप डिफेक्टिव काउंसिल गढ़वा जिला, वीरेंद्र जायसवाल, वैष्णवी अल्ट्रासाउंड सौम्या गुप्ता, डॉ सोनल सौम्या, निश्चित कुमार, स्कंद वर्मा, श्रेयांश वर्मा, डॉ प्रिया जायसवाल, डॉ सेजल कुमारी, अंजली शाश्वत, अरुण कुमार, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नासिक रोशन कुमार आदि को भगवान श्री बलभद्र एवं श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की तस्वीर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे जबलपुर से आये कलाकार तथा समाज के बच्चों ने कार्यक्रम की प्रस्तुति की। सभी को पुरस्कार दिए गए। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष धनंजय जयसवाल ने किया।

## आदिवासी अधिकार मंच के बैनर तले हजारों लोग जुलूस के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे



**1976-77 के भूमि सर्वे को रद्द कर 1932 खतियान लागू करने की मांग की**

**प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को सौंपा मांग पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डुमरी।** आदिवासी अधिकार मंच के बैनर तले विभिन्न मांगों की हाथों में तख्ती लेकर हजारों की संख्या में महिला-पुरुष जुलूस के रूप में मुख्यालय पहुंचे। जुलूस में 1932 खतियान को लागू करने, 1975-76 के सर्वे को रद्द करने को लेकर जोर-शोर से नारा लगाये गये। जुलूस जितिया टोली से आरंभ होकर नवाडीह चौक होते हुए मुख्यालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गयी। सभा की समाप्ति के बाद बीडीओ एकता वर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया। जुलूस के दौरान सीओ-बीडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। मांग पत्र में 1976-77 भूमि के सर्वे अनुसार बने खतियान जमीन ऑनलाइन को तत्काल रद्द करने की मांगे की गयी है।

जिला के बहुत से प्रखंड हैं जिसमें जमीन का खाता संख्या, प्लॉट संख्या, रकबा सही नहीं है। जमीन की चौहद्दी भी सही नहीं है। अधिकतर रैयतों की जमीन कई एकड़ घट गयी है। उसी प्रकार किसी की बढ़ गयी है और कुछ लोगों की ऑनलाइन भी नहीं हुई है। इस प्रकार 1932 खतियान जमीन में अनियमितता कर धांधली की गई है। जिससे जनता काफी आक्रोशित है। सरकार आपस में किसानों को लड़ाने का काम कर रही है। ऐतिहासिक स्थल हूल और बिरसा मुंडा उलगुलान में दी गयी भारी कुर्बानियों के उपरांत बने सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट की मूल भावनाओं के खिलाफ और संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के खिलाफ है। हमारी जीविका का एकमात्र साधन सिर्फ जमीन है। हम जमीन के बिना जिंदा नहीं रह सकते हैं। आज हमारे 1932 खतियान जमीन के साथ छेड़छाड़ हुई है। यह हमारे लिए जीवन मरण का सवाल है। डुमरी प्रखंड के सभी रैयत निवेदन करते हैं कि उपरोक्त असंवैधानिक 1976-77 के भूमि सर्वे के आधार पर बने खतियान के अनुसार जमीन ऑनलाइन को रद्द किया जाए और 1932 खतियान के अनुसार लागू किया जाए। मौके पर हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## घाघरा प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का बीडीओ-सीओ ने किया औचक निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का सोमवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय घाघरा, एसएस हाई स्कूल घाघरा, संत जुड्स उच्च विद्यालय नवडीहा, संत जुड्स मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र पहुंचे। जहां स्टैटिक दंडाधिकारी केंद्र अधीक्षक-वीक्षक की उपस्थिति और छात्रों की उपस्थिति को देखा। साथ ही उक्त केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त पाया। परीक्षा केंद्रों में छात्र-छात्राओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ कई मूलभूत सुविधा की जानकारी ली। मौके केंद्राधीक्षक, नियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रदान संस्था के सदस्यों को पोकटा पंचायत का कराया गया दौरा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड के आंजन, डुमरडीह, नवाडीह, कुलबीरा पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि एवं संस्था प्रदान के सदस्यों को बसिया प्रखंड के पोकटा पंचायत का दौरा करवाया गया। इस मौके पर उपस्थित बसिया के बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा संस्था प्रदान एवं प्रतिनिधियों को पंचायत में समन्वय बनाकर काम करने, बसिया के विभिन्न पंचायत की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गयी। मौके पर प्रदान के टीम कोऑर्डिनेटर मेराज, सूरज साहू, अंकित कुमार, गीता देवी, राजू राम, जगरानी कुल्लू, मधु प्रिया कुमारी समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : जिला कांग्रेस ने अडाणी मामले को लेकर केंद्र सरकार का पुतला फूंका**

# आज एक-एक भारतीय के पसीने की कमाई खतरे में पड़ गयी है : चैतू उरांव

**मोदी सरकार हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर ऐसे चुप्पी साधी हुई है, जैसे कि कुछ हुआ ही नहीं है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी गुमला ने सोमवार को जिला मुख्यालय टावर चौक के पास केंद्र सरकार का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार अडाणी को बचाने एवं सच्चाई को छुपाने की कवायद में पूरी तरह बौखला गयी है। अडाणी मामले में राहुल गांधी के सवालों से प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह घबराए हुए हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं के द्वारा साझा किए गए अपने दर्द एवं समस्याओं के विषय में 45 दिनों के बाद पुलिस द्वारा राहुल गांधी के घर जाकर पूछताछ की कार्रवाई मोदी सरकार की कायराना एवं तानाशाही रवैये को दर्शाती है।



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आज एक-एक भारतवासी के पसीने से कमाई धनराशि खतरे में पड़ गई है। एलआईसी के माध्यम से ये मामला हमारी, आपकी जेब पर जा पहुंचा है। 40 करोड़ के लगभग निवेशक जिन्होंने अपनी जमा पूंजी एलआईसी में लगाई थी, उनके भविष्य का सवाल है और एलआईसी में जो अडानी एंटरप्राईसेस है, एक प्रतिशत से बढ़ा कर एलआईसी ने 4.23 प्रतिशत अपना निवेश कर दिया उसमें। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में जो अडाणी पर आरोप लगे हैं उसकी जांच कब होगी?

मोदी सरकार हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर ऐसे चुप्पी साधी हुई है, जैसे कि कुछ हुआ ही नहीं है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अन्य भारतीय बैंकों ने अडाणी समूह को ऋण दिया है। अडाणी समूह पर भारतीय बैंकों का करीब 80,000 करोड़ रुपये का कर्ज है, जो समूह के कुल कर्ज का 38% है। उसमें से, निजी बैंकों का जोखिम कुल समूह ऋण के 8% है, जबकि सरकारी बैंकों के पास समूह ऋण का 30% है। अडाणी समूह के डूबने से देश की संपत्ति दांव पर है, करोड़ों निवेशकों की, करोड़ों पॉलिसी होल्डर्स की गाढ़ी कमाई खतरे में है।

कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार से ये तीन जरूरी मांग करती है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की देखरेख में एक निष्पक्ष जांच हो, जिसकी रिपोर्ट दिन-प्रतिदिन सार्वजनिक हो। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की विस्तार से जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाना चाहिए। एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीय बैंकों में जो अडाणी का जोखिम भरा निवेश है उस पर संसद में गहन रूप से चर्चा की जाये और निवेशकों को सुरक्षित करने के लिए उचित कदम उठाये जाएं।

मौके पर प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब और आम आदमी के साथ खड़ी है और रहेगी। आने वाला 2024 चुनाव में हम सभी मिलकर भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। मौके पर रमेश कुमार, अखिल रहमान, राजू महतो, दीपक कुमार, खालीद साह, शाहिद वारसी, शादाब आलम, मानिक चंद साहू, आदुं भगत, बेल साजर मिंज, विष्णु राम ,अरुण गुप्ता, मोहम्मद रफी अली, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद सद्दाम, सिता देवी, आशिक अंसारी, गुलाम सरवर, नारायण एक्का, जितेंद्र लोहरा, मुख्तार आलम, शाहजहां अंसारी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्रांतिकारी आदिवासी महासभा का पदयात्रा सह हस्ताक्षर अभियान संपन्न

**केन्द्र सरकार को आदिवासी-मूलवासी किसानों की बात माननी होगी : सनिया उरांव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा द्वारा आयोजित पदयात्रा सह हस्ताक्षर अभियान आज दूसरे दिन परसा से आरंभ हुआ। पदयात्रा रघुनाथपुर टुकूटोली, तेलेया, करीडा, तुंजुटोली, पारासीमा, कुडो होते हुए मांझाटोली के




कटकाया पहुंची। जहां पदयात्रा सह हस्ताक्षर अभियान का समापन किया गया। समापन के पूर्व महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि जमीन बचाने की लड़ाई शुरू हो चुकी है। केन्द्र सरकार को आदिवासी-मूलवासी किसानों की बात माननी होगी। समापन सभा को संबोधित करते हुए सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि 23 मार्च को केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी झारखंड आ रहे हैं। सभा में प्रभावित गांवों में परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के झारखंड आगमन पर मंत्री का पुतला दहन का निर्णय लिया गया। सभा का संचालन अनिल उरांव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन चापा उरांव ने किया। मौके पर बोलवा उरांव, महादेव उरांव, पति उरांव, बहुरन उरांव, सुखदेव उरांव, कांछा उरांव, बोलो उरांव तथा केश्वर उरांव शामिल थे।

## प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से जीविकोपार्जन में हो रही कठिनाई : पंचायत स्वयंसेवक

**सिसई प्रखंड के18 पंचायतों के स्वयंसेवकों ने डीडीसी के नाम बीडीओ कार्यालय में सौंपा मांग पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड के सभी 18 पंचायतों के स्वयंसेवकों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त के नाम से बीडीओ कार्यालय में मांग पत्र सौंपा। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों द्वारा मांग पत्र में कहा है कि 9 सितंबर 2016 से प्रखंड के सभी स्वयंसेवक कार्यरत हैं। स्वयंसेवकों ने अपनी मांग पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वयंसेवक पंचायत स्तर पर आवास रजिस्ट्रेशन, जियो टैगिंग सहित आवास से संबंधित अन्य सभी कार्य करते आ रहे हैं। जिसका सरकार द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन



राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। किन्तु पिछले डेढ़ वर्षों से स्वयंसेवकों को आवास का प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। जिससे स्वयंसेवकों को जीविकोपार्जन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बकाया प्रोत्साहन राशि की जल्द भुगतान करने, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में स्वयंसेवकों के स्थान पर पंचायत सेवक, जनसेवक व रोजगार सेवक को जियो टैग करने के आदेश को हटाकर पूर्व की भांति स्वयंसेवकों द्वारा जियो टैग कराने और स्वयंसेवकों को अन्य विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतू अन्य विभाग से जोड़ने की गुहार लगायी है।

उपस्थित स्वयंसेवकों का कहना था कि नियुक्ति अवधि काल से वर्तमान तक हम स्वयंसेवक पूरी निष्ठा व तन्मयता पूर्वक दिए दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। लेकिन लंबे समय से हमें भुगतान नहीं होने के कारण हमारी आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो चुकी है। जब हमारे द्वारा अपने प्रोत्साहन राशि की मांग की गई, तो जियो टैग अन्य कर्मियों को सौंपा जाना काफी अप्रिय है। इससे प्रखंड के आवास के प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वहीं ग्रामीण स्तर पर निस्वार्थ भाव से बीते करीब सात वर्ष से काम करने वाले स्वयंसेवकों के साथ ऐसा सौतेला रवैया अपनाया जाना काफी दुखद है।

इस मौके पर संघ प्रखंड अध्यक्ष ओज कुमार जायसवाल, सचिव इफ्तेखार अहमद, अजीजूर रहमान, गोविंद प्रसाद, शिवराज साहू, महावीर महली, दानिश अंसारी, वाहिद अंसारी, सुशील उरांव, सुनील साहू, अनिल गोप, प्रताप गोप, सुबोध साहू, गोकुल महली, रामेश्वर महली, सकलू गोप, संजय प्रधान, राजकुमार साहू, सज्जाद अंसारी, आशा कुमारी, निर्मला कुमारी, कविता कुमारी सहित प्रखंड के सभी स्वयंसेवक मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## केंद्रीय महावीर मंडल सिसई के अध्यक्ष पद पर संदीप गुप्ता दुबारा हुए चयनित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय महावीर मंडल सिसई के अध्यक्ष पद पर संदीप गुप्ता दुबारा चयनित हुए हैं। उनके अलावा उनकी पूरी कमेटी को पिछले वर्ष रामनवमी के सफल संचालन के कारण मामूली फेर बदल के साथ दुबारा मौका देते हुए पुनः कार्यभार सौंपा गया है। नवगठित कमेटी में मुकेश ताम्रकार सचिव, सुधीर साहू सह सचिव, कोषाध्यक्ष सुमित कुमार महली, सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष पंकज साहू, मुकेश डेविड, कुंदन शर्मा, विपुल राज, गौतम ताम्रकार, तेज नारायण सिंह एवं रामानंद सिंह चयनित किए गए। इसी प्रकार संरक्षक के रूप में तेज मोहन साहू, अनिल साहू, बलदेव साहू, दिलीप गुप्ता, निरंजन सिंह, मनोज वर्मा, सुजीत जायसवाल, दीपक गुप्ता, अनूप गुप्ता, दामोदर सिंह एवं पंकज गुप्ता का चयन किया गया है। जबकि कार्य समिति सदस्य के रूप में विनय केशरी, रोहित शर्मा, विशाल गुप्ता, सुनील लाल, राहुल केशरी, बिट्टू गुप्ता, अंकु साहू, संतोष साहू, गोलू ताम्रकार, सुधांशु लाल, मनोज साहू, संतोष स्वर्णकार, सुशांत केशरी आदि के नाम शामिल हैं।

## बसिया बीडीओ ने प्रखंड के मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के मद्देनजर सोमवार को उड़नदस्ता गश्ती दंडाधिकारी सह बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा प्रखंड के संत जोसेफ विद्यालय एवं उसुर्लाइन कॉन्वेंट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनो विद्यालयों में शांतिपूर्वक एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन करायी जा रही है। इस मौके पर विद्यालय के केंद्राधीक्षक, नियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुस्तकालय भवन के रखरखाव एवं संचालन के लिए आमसभा 22 मार्च को


**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बने पुस्तकालय भवन के रखरखाव एवं संचालन हेतु आम सभा 22 मार्च को दिन के 11:30 बजे रखी गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने क्षेत्र के लोगों को आम सभा में शामिल होकर पुस्तकालय को सुचारू रूप से चलाने में अपना मार्गदर्शन देने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने बताया है कि 500 रुपये देकर पुस्तकालय में आम सभा के सदस्य बन सकते हैं। जितने भी सदस्य होंगे उनसे पांच-पांच सौ रुपया सदस्यता शुल्क के तौर पर लिया जाएगा, क्योंकि यह पुस्तकालय ज्ञान दान से ही चलना है।

## सपारोम पंचायत सचिवालय में की गयी सभी पंचायतों के उपमुखिया की बैठक



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के सपारोम पंचायत सचिवालय में सोमवार को नगड़ी प्रखंड के तमाम पंचायतों के उप मुखिया की बैठक आयोजन किया गया बैठक में उप मुखियाओं ने पंचायत की वर्तमान स्थिति पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा पंचायतों की जन समस्याओं और उसके निदान के लिए सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर उपस्थित सभी उप मुखिया ने नगड़ी प्रखंड उप मुखिया संचालन समिति का गठन किया। जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष के रूप में उत्तरी टूंडूल की उप मुखिया जहाना प्रवीण, सचिव के रूप में लालगुटवा पंचायत के उप मुखिया प्रवीन उरांव और कोषाध्यक्ष के रूप में नगड़ी पंचायत के उप मुखिया राजू मुंडा का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य पंचायतों के उप मुखिया को कार्यकारणी सदस्य बने रहेंगे। नगड़ी प्रखंड उप मुखिया संचालन समिति का गठन के बाद सभी उप मुखिया नगड़ी थाना पहुंचे और थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो से औपचारिक भेंट कर समिति के संबंध में जानकारी और उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी से नगड़ी में सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है। मौके पर अमित तिर्की, नीतू तिर्की, मेघा खोया, अनिता तिर्की, प्रिती कुमारी, तारा नाग, रश्मि तिर्की सहित अन्य शामिल थे।

## लापुंग थाना परिसर में सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



लापुंग (आजाद सिपाही)। थाना परिसर सभागार लापुंग में सरहुल और रामनवमी त्योहार को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयविरस लकड़ा व थाना प्रभारी सुकुमार हेमरोम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर सरहुल और रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। त्योहार को नशा मुक्त वह आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लाकड़ा ने कहा कि पर्व में आपसी सौहार्द न बिगाड़ें, सभी का त्योहार मिलजुल कर मनाने में सहयोग करने की अपील की। मौके पर सभी गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर सभी जनप्रतिनिधि मुखिया सविता उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, मो. नसीम आलम, मंगल साहू, श्यामा प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, खिलेश्वर सिंह खेरवार, मांगा तिर्की, कंचन कुमार साहू, असमुदिन मियां, पंचायत जनप्रतिनिधि एवं रामनवमी जुलूस के लाइसेंसधारी उपस्थित थे।

**विश्व गौरैया दिवस : जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन**

# गौरैया के अस्तित्व को बचाने के लिए लिया गया सामूहिक संकल्प

**जिले में एक महीने तक चलेगा विशेष जागरूकता अभियान**

**जिले में गौरैया संरक्षण की दिशा में सकारात्मक माहौल बनाना उद्देश्य**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

गुमला। विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च के अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री बिलाल अहमद, डीपीआरओ संजय कुमार, सिविल सर्जन राजू कच्छप, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि




एवं छात्रगण मौजूद थे।

सभी ने एकजुटता से संकल्प लिया कि वे गुमला जिले में गौरैया संरक्षण की दिशा में यथासंभव जागरूकता प्रयास करेंगे। डीएफओ श्री बिलाल अहमद ने कहा कि प्रकृति में हर जीव का अपना एक विशेष महत्व है, ठीक उसी तरह गौरैया का भी पूरी पारिस्थितिकी में महत्वपूर्ण योगदान है। इस संबंध में उन्होंने एक दो संस्मरण भी सुनाए।

### अपने आसपास मौजूद गोरैया की जियो टैग फोटो भेजें, किया जायेगा पुरस्कृत : डीपीआरओ

**डीपीआरओ ने जिले भर के पर्यावरण प्रेमियों, युवाओं तथा सोशल मीडिया में सक्रिय लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास मौजूद गोरैया या उनके समूहों की तिथि, समय व स्थान के साथ जियो टैग फोटो डीपीआरओ कार्यालय के मोबाइल नंबर 6204800946 पर व्हाट्सएप करें। एक महीने बाद उपरोक्त सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं चयनित लोगों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा जहां चिड़ियों का आवागमन संभव हो वहां उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें तथा इस संदर्भ में भी वीडियो या फोटो प्रेषित करें।**

सिविल सर्जन ने कहा कि न केवल गोरैया बल्कि सभी प्राणियों के लिए एक अच्छा परिवेश देना हम सभी इंसानों का दायित्व है।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि अगले एक माह तक गौरैया संरक्षण की दिशा में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस दिशा में सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियां गौरैया का सिर्फ चित्र ही देख पाएंगी।

कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा ताशा झा ने 'सेव गोरैया' पर अपनी पेंटिंग प्रस्तुत की, वहीं श्रेयांशी अग्रवाल तथा पल्लवी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान कुछ लोगों ने गौरैया पर आधारित कविताएं भी सुनायीं।

इस दौरान सहायक शिक्षिका सोनाली त्रिपाठी, शिवानंद कुमार, विनोद कुमार साहू, हर्ष कुमार सोनी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सुमित कुमार, भूषण कुमार, समाजसेवी बबलू कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आयोजित मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। हुसैनाबाद के केंद्रों पर मैट्रिक की सामाजिक विज्ञान व इंटर की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा ली गयी। मैट्रिक के सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 32 छात्र अनुपस्थित रहें। सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के परीक्षा में 643 में 9, एसबीएस कालेज में 751 में 9, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय में 523 में 2, बक्शी उच्च विद्यालय में 409 में 4, मध्य विद्यालय में 250 में एक और हार्वे उच्च विद्यालय में 579 में 3, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कामगारपुर में 381 में चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षा के दौरान बीइइओ राम नरेश राम, केंद्राधीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह, विश्वजीत चौबे, आमोद प्रकाश, संतोष प्रसाद, अनवारुल हक, शशिकांत यादव, बैजनाथ राम, वीक्षक शंकर राम, अनिल कुमार पासवान, रामप्रवेश राम, ममता कुमारी सिंह, संध्या कुमारी, रविशंकर विभूति, अखलेश यादव, वीरेंद्र कुमार चौधरी, संजय कुमार और अभिषेक कुमार पासवान आदि सक्रिय रहें।

## हुसैनाबाद चार धाम में देवी मां की प्राणप्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** श्री चारधाम मंदिर परिसर में श्री देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता व संचालन चारधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने की। इस दौरान महायज्ञ कमेटी का गठन किया गया। नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार को अध्यक्ष, सचिव रमेश यादव, कोषाध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष बिनोद चौधरी व मुकेश चौधरी, उपसचिव अर्जुन प्रसाद गुप्ता, महामंत्री राजेश कर्ण, मंत्री जयश्री बैठा व रक्षया साव, सह कोषाध्यक्ष अमृत गुप्ता को बनाया गया। संरक्षक में रामेश्वर राम, श्रवण अग्रवाल, राजेंद्र पाल, अजय प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चंद्रवंशी, बाबा द्रोणाचार्य तिवारी का नाम शामिल है। अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि श्री मां देवी प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ एक मई से अयोध्या के स्वामी दुर्गेश शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में शुरू होगा। पांच मई को संपन्न होगा। इस मौके पर सरयू चौधरी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सुबोध कश्यप, शंकर विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, सुदर्शन पासवान, कुमार अजित, सुशील कुमार सिंह और प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

### विपक्षियों की ओर से मूर्ति को हटाने के आरोपों का किया खंडन

# शहर से किसी की प्रतिमा को हटाया नहीं जायेगा : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बिसफुट पुल के पास नगर निगम की ओर से सुंदरीकरण किया जा रहा है। पर कुछ राजनीति दलों द्वारा आरोप लगाया गया कि इस चौक पर जो जगदेव प्रसाद की प्रतिमा है उसे हटाकर दूसरी प्रतिमा लगाई जाएगी। इस बात का खंडन करते हुए नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मेरी कहीं से मनसा नहीं है कि किसी समाज को चोट पहुंचाऊ। ना ही मैं वहां से मूर्ति हटाना चाहती हूं। बस मैं यह



महापौर अरुणा शंकर।

चाहती हूं कि मूर्ति जो टूटे-फूटे फर्श पर लगा है। उसे उसी स्थान का जीर्णोद्धार कर ग्रेनाइट से बन रहे चौक पर स्थापित करा दूं, ताकि चौक भी सुंदर लगे और सम्मानजनक तरीके से मूर्ति भी उसी स्थान पर स्थापित किया जा सके। मैं एक बार फिर कुशवाहा समाज के लोगों से आग्रह करूंगी कि आप आए बैठे मैं आप सबों का सम्मान करती हूं और जहां मूर्ति लगी है वहीं ससम्मान मूर्ति लगी रहेगी यह विश्वास दिलाती हूं। शहर के सुंदरीकरण में किसी प्रतिमा को हटाया नहीं जाएगा। उसे और सुंदर बनाया जाएगा। कहा कि बिसफुटा पुल में जगदेव शर्मा जी की मूर्ति पर कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं। हम लोग सिर्फ जीर्णोद्धार कर चौक को और अच्छा सजा रहे हैं।

# पौष्टिकता से भरपूर है मोटा अनाज : बलराम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज (श्री अन्न) वर्ष, आजादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत आदि विषयों पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा चैनपुर प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यायल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बलराम पाठक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मोटे अनाज (श्री



अन्न) पौष्टिकता से भरपूर होते हैं, इनके सेवन से हम स्वस्थ एवं निरोग रहते हैं। वहीं, शिव सागर शर्मा ने कहा कि सरकार यह प्रयास कर रही है कि हम पुरातन एवं अच्छी चीजों का प्रयोग करें। ऐसा करके हम आने वाली पीढ़ी को मजबूत बना सकते हैं। हमें हमेशा एक खाद्य पदार्थ के रूप में मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए। वहीं, श्याम लाल उरांव ने कहा कि मोटा अनाज प्रकृति की अमूल्य देन है। वर्तमान समय में बीपी-शुगर की समस्या लोगों में आम है। मोटे अनाज का सेवन करने से इनसे बचा जा सकता है।

क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने कहा कि मोटे अनाज के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए भारत सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। मोटा अनाज के प्रमुख उत्पादक देशों को विश्व खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोटा अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में प्रमुख भूमिका निभानी है।

## बिजली विभाग ने चलाया छापामारी अभियान पांच पर जुर्माने के साथ दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जेवीबीएनएल के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरन अवैध बिजली का उपयोग करते पांच लोगों को पाया है। जिनके विरुद्ध बिजली विभाग के जेई प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें एक आरोपी पर 12 हजार, एक पर 10 हजार के अलावा तीन लोगों पर छह-छह हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में चर्च के समीप के परीखा यादव, दंगवार के ओम प्रकाश ठाकुर, रफिकन खातून, बदरुद्दीन अंसारी व कमरुद्दीन अंसारी शामिल हैं। उन्होंने अब तक बिजली का कनेक्शन नहीं लेने वालों से कार्यालय में आकर कनेक्शन लेने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन रखने व पांच हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर विभागीय कार्रवाई निश्चित है। इस लिए लोग समय रहते अपना बकाया बिल का भुगतान कर लें। जिन लोगों ने कनेक्शन नहीं लिया है वे ले लें। उक्त अभियान में सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेन्द्र ठाकुर, कमलेश कुमार और ओबैद अहमद शामिल थे।


**पलामू समाहरणालय**

**प्रपत्र VII**

**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय) या**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

संख्या :– भू0अ0, पलामू, दिनांक

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **शाहपुर से गढ़वा भाया बुढीबीर पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण निर्माण कार्य** हेतु ग्राम– चोटहांसा, थाना – चैनपुर, थाना सं0– 59, अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू, में कुल 2.101 एकड़ यानि हे0 0.8502 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 2.101 एकड़ यानि 0.8502 हेक्टेयर है और जो ग्राम– चोटहांसा, थाना – चैनपुर, थाना सं0– 59, अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

ग्राम–चोटहांसा, थाना सं0– 59 , कुल रकबा– 2.101 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 104 | 41 | रैयती | टाड़–1 | 0.04 | सुकन चौधरी ग्राम चोटहांसा | 1065 | Road | 1067 | 1074 | |
| 2 | 11 | 39 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | संजय कुमार द्विवेदी वो संतोष कुमार द्विवेदी वो धनंजय कुमार द्विवेदी वो अरूण कुमार द्विवेदी पिता स्व0 रामबचन द्विवेदी | 1074 | Road | 1065 | 1064 | धारा 15 के आलोक में सुधार |
| 3 | 158 | 47 | रैयती | टाड़–1 | 0.13 | सच्चीदानन्द तिवारी वो विरेन्द्र तिवारी हरिनामाड़ | 47 | Road | 47 | Road | |
| 4 | 104 | 162/1 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | अकलु चौधरी ग्राम चोटहासा | Road | 163 | 162 | 42 | |
| 5 | 104 | 162/2 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | शुकन चौधरी ग्राम चोटहासा | Road | 163 | 162 | 42 | |
| 6 | 64 | 166 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | अज्ञात | 32 | Road | 36 | 37 | |
| 7 | – | 36 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | सुकन चौधरी | 37 | Road | 32 | Rabda | |
| 8 | 64 | 167/3 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | सुरेन्द्र चौधरी ग्राम चोटहासा | 166 | Road | 164 | Road | |
| 9 | 64 | 164 | रैयती | टाड़–1 | 0.06 | मंखेला देवी | 160 | Road | 159 | 161 | |
| 10 | 64 | 166 | रैयती | टाड़–1 | 0.05 | मंगल चौधरी | 161 | Road | 160 | Road | |
| 11 | – | 160 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | लालमुनी चौधरी वगै0 ग्राम चोटहांसा | 167 | Road | Road | 164 | |
| 12 | – | 161 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | कौषल्या देवी | 167 | Road | Road | 164 | |
| 13 | 64 | 167/1 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | अकलु चौधरी वगै0 ग्राम चोटहांसा | 203 | 203 | Road | 159, 158 | |
| 14 | 64 | 167/2 | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | लालमुनी चौधरी वगै0 ग्राम चोटहांसा | 203 | 203 | Road | 159, 158 | |
| 15 | 122 | 585 P | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | द्वारिका चौधरी ग्राम चोटहांसा | Road | 780 | 781 | 779 | |
| 16 | 122 | 585 P | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | अमोला देवी ग्राम चोटहांसा | Road | 766 | 1070 | 203 | |
| 17 | 27 | 159/1 | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | कौषल्या देवी ग्राम चोटहांसा | Road | 1052 | Road | Road | |
| 18 | 27 | 159/2 | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | कौषल्या देवी ग्राम चोटहांसा | Road | 1053 | 1055 | 1052 | |
| 19 | 44 | 780 | रैयती | टाड़–1 | 0.04 | राजेष्वर तिवारी ग्राम चोटहांसा | Road | 1006 | 1007 | Road | |
| 20 | 1 | 779 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | रामनाथ दुबे | Road | 1007 | 1008 | 1006 | |
| 21 | 38 | 784 | रैयती | टाड़–1 | 0.04 | सुनीता कुंवर पति केदारनाथ तिवारी | Road | 784 | Road | 784 | |
| 22 | 38 | 783 | रैयती | टाड़–1 | 0.03 | रामनाथ दुबे ग्राम चोटहांसा | Road | 1054 | 1055 | 1055 | |
| 23 | 128 | 781 | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | विगु चौधरी ग्राम चोटहांसा | 1081 | 1081 | 1068 | 1061 | नक्शानुसार रकबा सुधार |
| 24 | 122 | 782 | रैयती | टाड़–1 | 0.005 | शंकर दुबे वो पारस दुबे ग्राम चोटहांसा | Road | 1061 | 1081 | 1060 | नक्शानुसार रकबा सुधार |
| 25 | 122 | 585 P | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | गुदन चौधरी ग्राम चोटहांसा | Road | 1060 | 1061 | 1059 | |
| 26 | 64 | 726 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | भरत राज तिवारी ग्राम चोटहांसा | Road | 1059 | 1060 | Road | |
| 27 | 70 | 1005 | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | जनक दुलारी देवी ग्राम चोटहांसा | 633 | Road | 637 | 632 | |
| 28 | 70 | 1052 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | भरत राज तिवारी ग्राम चोटहांसा | 632 | Road | 633 | 631 | |
| 29 | 70 | 1053 | रैयती | टाड़–1 | 0.01 | भरत राज तिवारी ग्राम चोटहांसा | 631 | Road | 631 | 629 | |
| 30 | – | 1059 | रैयती | टाड़–1 | 0.05 | संतु तिवारी ग्राम चोटहांसा | 693 | Road | 695 | Road | |
| 31 | – | 630 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | किषुन दुबे | 693 | Road | 695 | Road | |
| 32 | 95 | 637 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | राज कुमार तिवारी | 637 | Road | 637 | Road | |
| 33 | 53 | 633 | रैयती | टाड़–1 | 0.027 | राजेष्वर तिवारी | 700 | Road | Road | 698 | अधियाचना एवं नक्शानुसार रकबा 0.027 है। |
| 34 | 49 | 632 | रैयती | टाड़–1 | 0.007 | राजेष्वर तिवारी | 698 | Road | 700 | 695 | अधियाचना एवं नक्शानुसार रकबा 0.007 है। |
| 35 | 18 | 631 | रैयती | धान –1 | 0.019 | राजेष्वर तिवारी | 1065 | Road | 1067 | 631 | अधियाचना एवं नक्शानुसार रकबा 0.019 है। |
| 36 | 8 | 651 | रैयती | धान –1 | 0.03 | राम चन्द्र तिवारी | 709 | Road | 1064 | 711 | |
| 37 | 64 | 686 | रैयती | टाड़–1 | 0.025 | मालती देवी ग्राम चोटहांसा | 1067 | Road | 1067 | 1065 | नक्शानुसार रकबा सुधार |
| 38 | 64 | 684 | रैयती | धान –1 | 0.04 | सुनीता कुवर पति केदार तिवारी | 684 | Road | Road | 683 | |
| 39 | 64 | 648 | रैयती | धान –1 | 0.02 | राम चन्द्र तिवारी | 648 | Road | 651 | 763 | |
| 40 | 38 | 698/2 | रैयती | धान –1 | 0.01 | अजय तिवारी ग्राम चोटहांसा | 698 | Road | 698 | 698 | |
| 41 | 131 | 695 | रैयती | धान –1 | 0.02 | ध्रव कुमार गुप्ता ग्राम चोटहांसा | 695 | Road | 698 | 694 | |
| 42 | 62 | 693 | रैयती | धान–1 | 0.19 | सच्चीदानन्द तिवारी वो विरेन्द्र तिवारी ग्राम हरिनामाड़ | 693 | Road | 695 | Road | |
| 43 | – | 698/1 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | ओम प्रकाष चौधरी ग्राम चोटहांसा | 698 | Road | 700 | 695 | |
| 44 | 55 | 711 | रैयती | धान | 0.14 | सिता राम कहार हरिनामाड़ | 711 | Road | 709 | 712 | |
| 45 | 125 | 712 | रैयती | धान | 0.06 | रामकेष चौधरी वो राम किषुन चौधरी ग्राम चोटहांसा | 712 | Road | 711 | Road | |
| 46 | 129 | 1065/1 | रैयती | टाड़–1 | 0.12 | प्यारी भुईया वगै0 ग्राम चोटहांसा | 1065 | Road | 1067 | 1074 | |
| 47 | 129 | 1065/2 | रैयती | टाड़–1 | 0.04 | नन्हक मलाह हरिनामाड़ | 1065 | Road | 1067 | 1074 | |
| 48 | – | 1074 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | भरत राज तिवारी | 1074 | Road | 1065 | 1064 | |
| 49 | 64 | 716/1 | रैयती | टाड़–1 | 0.0680 | राजेष्वर तिवारी | 715 | 716 | Road | 716 | नक्शानुसार रकबा 0.068 है। |
| 50 | – | 715 | रैयती | आहर | 0.09 | राजेष्वर तिवारी | Road | 715 | Road | 716 | |
| 51 | 64 | 716/2 | रैयती | धान –1 | 0.04 | ध्रव कुमार गुप्ता | 715 | 716 | Road | 716 | |
| 52 | 38 | 698 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | रामा साव पिता महाबिर साव ग्राम चोटहांसा | 698 | Road | 700 | 695 | |
| 53 | 150 | 176 | रैयती | टाड़–1 | 0.02 | क्रमदेव चौधरी | Road | 176 | Road | Road | |
| 54 | 150 | 800 | रैयती | टाड़–1 | 0.18 | सुनील कुमार दुबे | Road | 800 | Road | Road | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला.............. ×.............. क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–.

**जिला कानुनगो भू–अर्जन, पलामू।** **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू।** **अपर समाहर्त्ता, पलामू।** **उपायुक्त, पलामू।**

PR 293134 Palamu(22-23).D


## विधायक ने विधानसभा सत्र में की पांकी को अनुमंडल बनाने की मांग



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को सरकार से मनातू एवं तरहसी प्रखंड को मिलाकर पांकी को अनुमंडल बनाने की मांग की। उन्होंने जनवरी 2019 में पलामू प्रमंडल के आयुक्त के माध्यम से पलामू डीसी द्वारा अनुशंसा विभाग को कराया गया था। राज्य सरकार ने आश्वस्त किया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकयों में पांकी को अनुमंडल का दर्जा दिलाने के लिए उच्चस्तरीय समिति की बैठक की अनुशंसा मिलने के बाद कवायद शुरू होगी।

# नितेश सिंह अध्यक्ष और अकाश सिंह बने उपाध्यक्ष

### देवरी कला पंचायत में रामनवमी पूजा को लेकर समिति का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी कला पंचायत में इस बार भी रामनवमी पूजा समिति की ओर से शोभायात्रा निकालने को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। रामनवमी शोभा यात्रा देवरी कला में ऐतिहासिक हो इसके लिए एकजुटता के साथ समितियों की बैठकों का दौर शुरू हो गया है। आगामी 30 मार्च को आयोजित होने वाले श्री रामनवमी पूजा समिति के सफल संचालन को लेकर देवरी कला पंचायत के राम भक्तों द्वारा रविवार की शाम दुर्गा मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों बैठक की। जिसमें शोभा यात्रा के मार्ग, प्रशासनिक स्वीकृति और अन्य



तैयारियों के साथ ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को शोभायात्रा में शामिल कराने पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नितेश कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह को अध्यक्ष, आकाश कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, विकास यादव को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र चौधरी को उप कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में आदित्य सिंह, काजू सिंह, हिमांशु चौधरी, विवेक यादव, सोनू कुमार चौधरी, जगमाल चौधरी, विपुल सिंह, वीरेंद्र कुमार, बसंत लाल चौधरी, अरुण पासवान, बिट्टू कुमार, अभय चौधरी, विशाल चौधरी, विवेक राज, मनोज प्रजापति, अंशु कुमार उर्फ पोलू कुमार, प्रिंस कुमार सिंह का नाम शामिल है। इस मौके पर नितेश सिंह उर्फ सोनू ने पंचायत वासियों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर भगवान राम के जन्मदिवस पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की।

## एनडीआरएफ जवान को विधायक ने किया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सोमवार को एनडीआरएफ के जवान अतेंदर कुमार मिश्रा को सम्मानित किया। बताते चलें कि एनडीआरएफ में पदस्थापित जवान अतेंदर मिश्रा मूलत: रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत तोलरा जिजरा गांव के निवासी हैं। वे छूटी में अपने पैतृक गांव आए हुए हैं। कुछ दिनों पहले अतेंदर ने गांव के ही एक वृद्ध महिला की अपनी जान जोखिम में डालकर उसकी जान बचाई थी।

# स्पोर्ट्स

यूपी वारियर्स ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। ब्रोबार्न स्टेडियम में पहले बैटिंग कर गुजराज ने छह विकेट पर 178 रन बनाया था। जिसे यूपी वारियर्स ने सात विकेट खोकर हासिल कर लिया

# मुंबइ इंडियंस ने मेजर लीग क्रिकेट में खरीदी न्यूयार्क की फ्रेंचाइजी

## टूर्नामेंट में डीसी, केकेआर और सीएसके की भी टीमें, यह मुंबई की 5वीं फ्रेंचाइजी

एजेंसी

**मुबई/न्यूयार्क।** नीता अंबानी (रिलायंस) के स्वामित्व वाली मुंबई इंडियंस (एमआइ) ने अमेरिका में शुरू होने वाली मेजर लीग क्रिकेट में न्यूयार्क की फ्रेंचाइजी खरीद ली है। सोमवार को भारतीय लीग की फ्रेंचाइजी ने एक मीडिया रिलीज में यह घोषणा की। फ्रेंचाइजी ने कहा कि हमारी टीम लीग के ओपनिंग सीजन में हिस्सा लेगी। इसी के साथ दुनिया भर की लीगों में मुंबई की 5 टीमें हो गई हैं। उसने आइपीएल में मुंबई इंडियंस, एसए20 में टककेप टाउन, आइएलटी20 में टक एमिरेट्स, डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस खरीदी हैं। उसकी टीमें 4 देशों में अलग-अलग 5 लीगों में हिस्सा ले रही हैं। मुंबई मेजर लीग में टीम खरीदने वाली चौथी भारतीय फ्रेंचाइजी बनी है। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने मेजर लीग की फ्रेंचाइजी खरीदी हैं।

### जुलाई महीने में खेला जायेगा पहला सीजन

लीग का पहला सीजन 13 से 30 जुलाई के बीच आयोजित किया जाएगा। इसमें 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें डालास, सेंट फ्रांसिसको, न्यूयार्क सिटी, सीटल, लॉस एंजिल्स और वॉशिंगटन डीसी की टीमें शामिल हैं। लीग का पहला मुकाबला डालास के पास स्थित ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में 13 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं, मेजर लीग क्रिकेट में भारत के अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद और न्यूजीलैंड के कोरी एंडरसन जैसे बड़े खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्मुक्त लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स और एंडरसन सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से खेलते नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा इंग्लैंड की वनडे वर्ल्ड चैंपियन टीम के खिलाड़ी लियाम प्लंकेट भी हिस्सा लेंगे।

### आइपीएल की सबसे सफल टीम है मुंबई

मुंबई इंडियंस भारत की इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल फ्रेंचाइजी है। टीम ने आइपीएल के 5 टाइटल जीते हैं। फ्रेंचाइजी 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 के सीजन में चैंपियन बनी थी। वहीं, आइपीएल फ्रेंचाइजी की 9 टीमों ने दुनियाभर की लीग में टीमें खरीद रखी हैं। टक और कैपिटल्स के पास सबसे ज्यादा 5 टीमें हैं, वहीं जायंट्स के पास भी 2 टीमें हैं।

### एसए20 की सभी टीमें भारतीय फ्रेंचाइजीज की

साउथ अफ्रीका की एसए20 में हिस्सा लेने वाली सभी टीमें भारतीय फ्रेंचाइजीज की हैं। अफ्रीकी लीग के लिए मुंबई इंडियंस के अंबानी परिवार, चेन्नई सुपर किंग्स के एन. श्रीनिवासन, दिल्ली कैपिटल के पार्थ जिंदल, सनराइजर्स हैदराबाद के मारन परिवार, लखनऊ सुपर जायंट्स के संजीव गोयनका और राजस्थान रॉयल्स के मनोज बडाले ने इस लीग में छह फ्रेंचाइजी खरीदी हैं।

## गुजरात को 3 विकेट से हरा कर यूपी डब्ल्यूपीएल के प्लेऑफ में पहुचने वाली बनी तीसरी टीम

**मुंबई (एजेंसी)।** यूपी वॉरियर्ज ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुजरात जायंट्स को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करने वाली तीसरी टीम बनी। मुंबई और दिल्ली पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। लीग की बाकी 2 टीमें बेंगलुरु और गुजरात प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं। ब्रोबार्न स्टेडियम में सोमवार के पहले मुकाबले में गुजरात की कप्तान स्नेह राणा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 178 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूपी वॉरियर्ज को हराने के लिए काफी नहीं था। यूपी की बल्लेबाजों ने 1 बॉल रहते 7 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया। विजेता टीम से ग्रेस हैरिस (72 रन) और ताहलिया मैक्ग्रा (57 रन) ने अर्धशतक जमाए।

# आइसक्रीम दुकान में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जली

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा नेहरू चौक स्थित महावीर आइसक्रीम केक दुकान में रविवार की देर-रात शॉट सर्किट से आग लग गई। घटना में कथित रूप से 15 लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गयी। इसकी सूचना पाकर बाघमारा-बरोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की। मगर सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने बरोरा एवं ब्लॉक टू क्षेत्र से दो दमकल वाहन को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में सात फ्रीज, एक एसी, 10 हजार रुपये नगद सहित वेशकिमती वर्थडे गिफ्ट सहित कई अन्य सामान जल कर राख हो गया। दुकानदार महावीर साव ने बताया कि घटना के वक्त सड़क पर सन्नाटा पसरा हुआ था। तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश भी हो रही थी। आइसक्रीम डिलीवरी कर वापस रात को जब दुकान लौटे तो देखा कि दुकान से धुंआ निकल रहा है। शटर खोला तो हवा के संपर्क में आकर आग ने विकराल रूप ले लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद को पहुंचे और आग बुझाने में जुट गये। लेकिन दुकान को बचा नहीं सके। आग ने महावीर आइसक्रीम दुकान के अगल-बगल की दुकान मां पार्वती ज्वेलर्स व एक कपड़ा की दुकान को भी चपेट में ले लिया था। पर दमकल गाड़ियों से समय पर पहुंच जाने से सामान्य नुकसान हुआ।



आइसक्रिम दुकान के पास खड़ी लोगों की भीड़।



आग में जलकर खाक हुए सामान।



धूं-धूं कर जलता आइसक्रिम दुकान

# डीजे और आग से संबंधित खेल पर रहेगा प्रतिबंध : राजकपूर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रामनवमी त्योहार को लेकर धनसार थानाध्यक्ष राजकपूर की अध्यक्षता में सोमवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं शांति समिति के सदस्यों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष ने कहा कि कोई भी अखाड़ा घातक हथियार लेकर नहीं चलेगे। डीजे साउंड पर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी विस्फोटक पटाखे का उपयोग नहीं करेगे। आग से संबंधित खेल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। हरेक अखाड़ा दल अपने-अपने अखाड़ा से पांच-पांच सदस्यों का नाम फोन नंबर के साथ थाना के पास जमा करायेंगें, ताकि कोई भी सूचना आदान प्रदान थाना एवं अखाड़ा कमेटी के बीच किया जा सके। इसे अति आवश्यक समझे। साथ ही थानाध्यक्ष ने कहा कि व्हाट्सएप, सोशल मीडिया या पर विशेष नजर रहेगा, ताकि कोई अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश ना कर सके। ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# स्व नीरज सिंह श्रद्धांजलि कार्यक्रम को लेकर अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



**धनसार (आजाद सिपाही)।** स्व नीरज सिंह श्रद्धांजलि कार्यक्रम को लेकर सोमवार को जनता मजदूर संघ (जमसं) व रघुकुल परिवार की ओर से सोमवार की सुबह 9 बजे से बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू दुर्गा मंडप में भव्य अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन में आसपास के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। अखंड हरिकीर्तन का समापन मंगलवार को होगा। जिसके बाद श्रद्धांजलि सभा एवं महाभोग का आयोजन किया जाएगा। अखंड हरिकीर्तन बस्ताकोला मंडली द्वारा किया गया। जिसमें केडी पांडे, रामकृष्ण पाठक, अजीत सिंह, बबलू सिंह, कुंवर सिंह, हलदर सिंह, अजय विश्वकर्मा, नागेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार, अक्षय लाल यादव और हलदर सिंह उपस्थित थे।

## पेशे से नाइट गार्ड व्यक्ति का सरायढेला में बरामद हुआ शव

# अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर थाना क्षेत्र के ढांगी, कोड़ा कुल्ही में 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान लखीराम हांसदा के रूप में हुई है। सोमवार की सुबह सरायढेला थाना क्षेत्र के लोहारडीह स्थित एक निमार्णाधीन मकान के पास से उसका शव बरामद हुआ। शव को देख हत्या की आशंका जताई जा रही है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक उक्त निमार्णाधीन मकान और उसके पास हो रहे प्लॉटिंग स्थल में नाइट गार्ड का काम करता था। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लखीराम का शव पाए जाने की सूचना पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और पुलिस घटनास्थल पहुंचे। काफी संख्या में लोग भी जुट गए। पुलिस ने जब शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना चाहा तो ग्रामीणों ने रोक दिया। लोगों का कहना था कि मुआवजा समेत अन्य मांगों को पूरा करने के बाद ही शव को ले जाने दिया जाएगा। मांगों पर सकारात्मक वार्ता किए जाने और प्रबुद्ध जनों के समझाने के बाद लोगों ने शव को ले जाने दिया।



शव बरामद होने के बाद मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ कर जांच में जुटे पुलिस के अधिकारी।

# पुराने मामले में चार वारंटी गिरफ्तार



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा पुलिस ने रविवार की रात चार वारंटी को समकालीन अभियान में छापामारी कर गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान हांथुडीह गांव निवासी करण सिंह व उनके पुत्र प्रदीप सिंह, संतोष बावरी, स्थाई वारंटी आशीष गोस्वामी शामिल है। सभी एक पुराने मामले में फरार चल रहे थे। महुदा पुलिस ने छापामारी कर आरोपितों को उनके आवास से ही गिरफ्तार कर थाने ले आई। सभी को सोमवार की सुबह न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि सभी के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था। छापामारी दल में थाना प्रभारी गंगासागर ओझा, एसआई चंदन सिंह, एएसआई सअनि शामिल थे।

# शांति भंग करनेवालों पर रहेगी पैनी नजरः बीडीओ



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा थाना प्रांगण में सोमवार रामनवमी की शोभा यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें एग्यारकुंड के बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, चिरकुंडा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह, शांति समिति के सक्रिय सदस्यों के साथ चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन मानिक गोराई ने किया। इस मौके पर बीडीओ ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के निम्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए स्पष्ट कहा कि शोभायात्रा शाम 6 बजे तक ही निकाले जाएंगे। इस दौरान पहले से रिकॉर्डेड म्यूजिक या डीजे बजाए जाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती होगी। शांति भंग करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर जोगनाथ गोस्वामी, समी अंसारी, राहुल कुमार, वीरेंद्र बहरा, सुरेश सिंह, शशि प्रभा सिंह आदि थे।

# 16 अप्रैल को धनबाद में मनाया जायेगा हिंदी साहित्य विकास परिषद का 44 वां वार्षिकोत्सव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में हिंदी साहित्य विकास परिषद का 44वां वार्षिकोत्सव आगामी 16 अप्रैल को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिसमें देश के जाने-माने प्रसिद्ध गीतकार, कवि संवाद लेखक और पटकथा लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला की प्रसिद्ध कविताएं साहित्य ज्ञान मोटिवेशनल स्पीच को धनबाद वासी सुनेंगें इसमें मनोज मुंतशिर मुख्य वक्ता भी होंगे। हिंदी साहित्य विकास परिषद के युवा सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि साहित्य उत्सव 2023 अपने आप में एक बेहद आयोजन है। कोरोना महामारी के बाद शहर का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है। जिसमें हिंदी साहित्य विकास परिषद पूरे जोर-शोर से जुटा हुआ है। यह आयोजन स्मृति शेष दिलीप चंचल की स्मृति में किया जा रहा है। संस्थापक दिलीप चंचल ने 44 वर्ष पहले हिंदी साहित्य विकास परिषद का गठन किया था। जब तक जीवित रहे कोयलांचल में हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने में लगे रहे। साहित्य उत्सव में अब तक कुमार विश्वास, सुरेंद्र शर्मा, अरुण जैमिनी, प्रताप फौजदार, गोपाल दास नीरज, अंजुमरहबर, राजूश्रीवास्तव, एहसानकुरेशी, जैसे बड़े नाम आ चुके हैं। राष्ट्रवादी कवि से लेकर प्रमुख वक्ता के रूप में होती है तेरी मिट्टी, तेरे संग यारा, गलियां, तुझे भूलना तो चाहा, जाने दे, वह चांद कहां से लाओगे, रघुपतिराघव, जैसी फिल्मों में गीत गा चुके हैं। अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने की सहयोगराशि 1000 व 2000 रुपये रखी गई है। अधिक जानकरी के लिए 9608385996, 8340202366, 9431120040 से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में स्वागता अध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र भगत, दीपक संचेती व जयप्रकाश अग्रवाल आदि थे।

# बीएसएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा आदि थे।

## बस्ताकोला गेस्ट हाउस में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन का लक्ष्य भी पूरा करें : जेसी राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बीसीसीएल के बस्ताकोला गेस्ट हाउस में सोमवार को द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी शुरूआत बस्ताकोला महाप्रबंधक जेसी राय एवं कोयला भवन सुरक्षा महाप्रबंधक पीके दूबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राष्ट्रीय गीत और खान सुरक्षा गीत गाए गए। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों ने खान सुरक्षा के बारे में कर्मियों को जानकारी दी। साथ ही काम के दौरान घटना में जान गंवाने वाले मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक ने सभी पदाधिकारियों और मजदूरों को खान सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस बैठक में डीजीएमएस और ई जे एरिया बस्ताकोला के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बस्ताकोला क्षेत्र में पिछले पांच वर्षो में हुए दुर्घटना का ब्योरा दिया गया। यूनियन के सदस्यों ने डीजीएमएस व बस्ताकोला महाप्रबंधक को भूमिगत व आउटसोर्सिंग में सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी साथ ही सुरक्षा से जुड़े मजदूरों को हो रही परेशानियों का मुद्दा भी उठाया गया। अंडरग्राउंड एवं माइंस में किस प्रकार कोयला उत्पादन मे बढ़ोतरी हो इस पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सेफ्टी महाप्रबंधक पीके दूबे, जेसी राय, महाप्रबंधक बस्ताकोला, एन चक्रवर्ती महाप्रबंधक, एसए तालमेल, ज्ञानेशवर कुमार, डीके श्रीवास्तव, नरेश राम, एस चक्रवर्ती, संजीव कश्यप, परवेज आलम, बस्ताकोला परियोजना पदाधिकारी ऐक शर्मा, एएम पाल, देवाशीष बाग आदि उपस्थित थे। वहीं, बस्ताकोला एरिया में संचालित सभी परियोजना का निरीक्षण पदाधिकारियों ने किया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा के साथ ही कोयला उत्पादन के लक्ष्य को भी ससमय पूरा करें। इसके अलावा अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश भी दिये गये है।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते बस्ताकोला के महाप्रबंधक जेसी राय व अन्य।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन०आर०ई०पी०, चतरा

### ई-अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या- EE/NREP/CHATRA/12/2022-23 दिनांक- 18.03.2023

1. मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गत :-

| क्र. सं. | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रतापपुर | डुमरवार | डुमरवार | ग्राम डुमरवार दुवारपाल से रारो स्कुल तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण। | 5510976 | 110300 | 10000 | 6 माह |
| 02 | प्रतापपुर | डुमरवार | बधार | ग्राम बधार में देवी स्थान से तेगम नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7451848 | 149100 | 10000 | 6 माह |
| 03 | प्रतापपुर | घोरीघाट | जोलहतेतरीया | ग्राम जोलहतेतरीया मेन रोड से मस्जिद तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2745899 | 55000 | 5000 | 3 माह |
| 04 | प्रतापपुर | घोरीघाट | जोल्हातेतरीया | ग्राम जोल्हातेतरीया टोला मुगाबाटाड इसराईल मियां के घर से राजेन्द्र यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं पुलिया निर्माण। | 1524870 | 30500 | 5000 | 3 माह |
| 05 | प्रतापपुर | घोरिघाट | घोरिघाट | ग्राम घोरिघाट टोला कोरियाडीह मेन रोड से शिशुपाल के घर होते दास टोला तक पी0सी0सी0 एवं पुलिया निर्माण। | 1494050 | 29900 | 2500 | 3 माह |
| 06 | प्रतापपुर | घोरिघाट | जोल्हातेतरीया | ग्राम केशवा टोला सतरवा उ0 प्रा0 विधायलय से जयराम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1523100 | 30500 | 5000 | 3 माह |
| 07 | प्रतापपुर | घोरिघाट | जोल्हातेतरीया | ग्राम मथुरापुर मेन रोड से दिलिप पाठक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2233213 | 44700 | 5000 | 3 माह |
| 08 | प्रतापपुर | घोरिघाट | जोल्हातेतरीया | ग्राम जोल्हातेतरीया टोला जगंडीह नगेशर यादव के घर से जगंडीह देवी स्थान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3053292 | 61100 | 5000 | 3 माह |
| 09 | प्रतापपुर | घोरिघाट | जोल्हातेतरीया | ग्राम टोला बारेबान्द हरिचरण भारती के घर से सिरत फातमा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 769374 | 15400 | 1250 | 1 माह |
| 10 | प्रतापपुर | रामपुर | रामपुर | समीम आलम के घर से स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 421318 | 8500 | 750 | 1 माह |
| 11 | प्रतापपुर | रामपुर | रामपुर | पी0सी0सी0 रोड से कब्रिस्तान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1875689 | 37600 | 5000 | 3 माह |
| 12 | प्रतापपुर | रामपुर | कसमार | ग्राम कसमार में डांगबागला दिपक कुमार के घर से रोहित कुमार के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 468065 | 9400 | 750 | 1 माह |
| 13 | प्रतापपुर | रामपुर | कसमार | आर0ई0ओ0 रोड से पेरिमिया अकादमी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 468065 | 9400 | 750 | 1 माह |
| 14 | प्रतापपुर | रामपुर | रामपुर | प्रमोद सिन्हा के घर से तपेश्वर रजक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1255614 | 25200 | 2500 | 3 माह |
| 15 | प्रतापपुर | रामपुर | रामपुर | सुधीर रजक के घर से अजय रजक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1255614 | 25200 | 2500 | 3 माह |
| 16 | प्रतापपुर | रामपुर | रामपुर | रीता देवी के घर से सचिवालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1875689 | 37600 | 5000 | 3 माह |
| 17 | प्रतापपुर | रामपुर | कसमार | तुरी टोला से आंगनबाड़ी के न्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1255614 | 25200 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.04.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 12.04.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 13.04.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 15.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता- कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई-निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण-विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 293067 NREP (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

### आम सूचना
(प्रेस विज्ञप्ति)
ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) स्तर पर तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्यौरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है।

(1) राज्य स्तर पर स्म्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नं0 18003456502

(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाश संख्या –

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | जिला के सभी प्रखण्ड | 6206117078 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 9931557072 | ,, |
| 3 | श्री राकेश उरांव, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 7004146612 | ,, |
| 4 | श्री अमित कुमार सिंह, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 9122540019 | ,, |
| 5 | श्री सुशील कुमार सोनी, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 7979773722 | ,, |
| 6 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | | 9693358878 | |
| 7 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | ,, | 7209368126 | ,, |
| 8 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | ,, | 6204854087 | ,, |

(4) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या :–

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरविन्द कुमार वर्मा, अवर प्रमण्डलीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 7050165135 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | ,, |

(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष :–

| क्र0सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 01, गढ़वा | 7979844385 | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 2 | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 7992417837 | मेराल | मेराल एवं डंडई | श्री सोमा उराँव | 9431993634 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी | श्री सिकन्दर प्रसाद | 7050965555 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 3 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी। | 7979844385 | नगर उँटारी | नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | श्री देवेन्द्र किस्कू | 9905326654 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:-

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने-अपने प्रखंडों में एक-एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4 नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है,
इसके एक-एक बूँद का सदुपयोग करें,
अनावश्यक वर्बाद न करें "

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गढ़वा

PR 293050 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## लंदन के बाद यूएस में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला

# खालिस्तान के झंडे लगाये, दिल्ली में सिखों का खालिस्तानियों के खिलाफ प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लंदन/नयी दिल्ली।** लंदन में रविवार को भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नयी दिल्ली में किया गया। लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने हाइ कमीशन का तिरंगा उतार दिया था। नयी दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाइ कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। उधर, अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। नई दिल्ली में ब्रिटिश हाइ कमीशन के बाहर सिखों ने खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराये और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक-तिरंगे का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस कार्रवाई कर रही है। रविवार को इसका विरोध लंदन में मौजूद कुछ खालिस्तान समर्थकों ने किया। खालिस्तानी लंदन में भारतीय हाई कमीशन पहुंचे। पहले तोड़फोड़ की और बाद में यहां लगा तिरंगा उतार दिया। भारत ने इस पर सख्त ऐतराज जताया। दिल्ली में ब्रिटिश हाइ कमिश्नर को तलब किया गया। इस बीच, हाई कमीशन पर अब पहले से ज्यादा बड़ा तिरंगा लगा दिया गया है। लंदन में भारत के हाइ कमीशन पहुंचे लोगों के हाथ में खालिस्तानी झंडा और अमृतपाल सिंह के पोस्टर थे। पोस्टर्स पर लिखा, 'फ्री अमृतपाल सिंह' (अमृतपाल सिंह को आजाद करो), 'वी वांट जस्टिस' (हमें न्याय चाहिए) और 'वी स्टैंड विथ अमृतपाल सिंह' (हम अमृतपाल के साथ हैं)।

### दिल्ली में सिखों ने जवाब दिया

नयी दिल्ली में प्रदर्शन के लिए पहुंचे सिखों ने कहा- पाकिस्तान की बदनाम खुफिया एजेंसी आइएसआइ हमारे देश के अमन-चैन को तबाह करने की साजिश रच रही है। हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और लंदन में हुइ हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदर्शन में शामिल एक युवा सिख ने कहा- लंदन में जो कुछ हुआ, हम उसका जवाब देने आये हैं। हम ये किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज हम हजारों सिख अपने-अपने काम छोड़कर ये बताने आये हैं कि अपने तिरंग का निरादर सहन नहीं करेंगे। वी लव अवर इंडिया- भारत माता की जय।

### यूएस में भी इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- लंदन के बाद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भी इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। रविवार को यहां भी खालिस्तान समर्थक जुटे। इन लोगों ने स्प्रे पेंट्स से अमृतपाल को रिहा करो.. लिख दिया। इन लोगों ने कॉन्स्यूलेट के गेट्स तोड़ दिए। वहां खालिस्तान के झंडे लगा दिये। भारतीय अमेरिकियों ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### विदेश मंत्रालय ने विरोध जताया

भारत के विदेश मंत्रालय ने घटना सख्त विरोध जताया। कहा- हाइ कमीशन के बाहर सुरक्षा क्यों नहीं थी। खालिस्तानी अंदर कैसे घुस गए। ब्रिटेन में हमारे डिप्लोमैट्स और एंबेसी की सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सरकार का यह रवैया बर्दाश्त के बाहर है।

## वेदांत एल्युमिनियम ने झारसुगुड़ा में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुडा 20/03 भारत के अग्रणी एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपने कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और गोष्ठी के सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक सप्ताह के अभियान के माध्यम से झारसुगुडा और आसपास के क्षेत्रों में अपने संयंत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2023 मनाया। हमारा लक्ष्य शून्य नुकसान के साथ कंपनी ने सुरक्षा सावधानियों और प्रोटोकॉल के पालन पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में 2400 से अधिक लोगों तक पहुंचे थे। इस अभियान के हिस्से के रूप में, कंपनी ने सुरक्षा पर जोर देने के साथ व्यापारिक भागीदारों के लिए एक सामुदायिक बाइक रैली, क्विज, स्किट प्रतियोगिता, भारी मोटर वाहन सवार पर जांच और व्यापार भागीदारों को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसने व्यापार भागीदारों को डोर-टू-डोर और सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए।

## अगले महीने की 3 तारीख से मैट्रिक परीक्षा का मूल्यांकन और परिणाम अप्रैल के अंत तक प्रकाशित किया जायेगा

परीक्षा के दौरान कुछ जगहों पर परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये थे। इस साल परीक्षा नये फार्मेट में आयोजित की गयी है।




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक 10वीं (मैट्रिक) की परीक्षा खत्म हो चुकी है, अब मूल्यांकन की बारी है। मैट्रिक का खाता अगले माह की 3 तारीख से शुरू होगा। इस को लेकर बोर्ड के अधक्ष रामाशीष हाजरा ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, परीक्षा के दौरान कुछ त्रुटियां थीं, लेकिन परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। इस वर्ष कुल 56 केंद्रों पर मूल्यांकन करने का निर्धारित किया गया है। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हर साल की तरह इस बार भी कपि देखने वाले शिक्षकों को औपचारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके बाद कपि दिखना शुरू हो जायेगा। गौरतलब है कि मैट्रिक की परीक्षा 10 मार्च से शुरू हुई थी। परीक्षा सोमवार को समाप्त हुई। पहले दिन छात्रों ने अपनी मातृभाषा में परीक्षा दी, जबकि आखिरी दिन छात्रों ने गणित की परीक्षा दी। हालांकि इस साल करीब साढ़े पांच लाख छात्रों ने परीक्षा दी है। परीक्षा राज्य के कुल 3218 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान कुछ जगहों पर परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये थे। इस साल परीक्षा नये फार्मेट में आयोजित की गई है। बोर्ड परीक्षा के बजाय दो समेटिव असेसमेंट टेस्ट कराये गये हैं। इसके अलावा छात्रों ने स्कूल में 20 मार्क की इंटरनाल परीक्षा दी है।

## मैट्रिक का प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर सदन की कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आज विधानसभा का प्रश्न सत्र शुरू होने के बाद बवाल देखने को मिला है। प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने होहला शुरू कर दिए। यह होहल मैट्रिक के प्रश्न पत्र लीक होने के विरोध में किया गया। विपक्षी बीजेपी और कांग्रेस के सदस्यों ने सदन के बीच में आकर नारेबाजी की। स्पीकर के आसन के नीचे गण शिक्षा मंत्री का इस्तीफे की मांग की। स्थिति में कोई सुधार नहीं होने पर स्पीकर विक्रम केशरी आरुख ने शाम 4 बजे तक के लिए गृह को स्थगित करने की घोषणा की।




## जेएसपी बनायेगा अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर का उपयोग रिफाइनरी, इमारतें, अस्पताल, मेट्रो, स्टील, बिजली कारखानों और औद्योगिक परिसर निर्माण समेत अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में किया जायेगा। भुवनेश्वर नयी दिल्ली 20/03 जाने–माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर को राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के अनुरूप एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। बीआइएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) यानी भारतीय मानक ब्यूरो ने अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर (फायर रेजिस्टैंट स्टील स्ट्रक्चर) तैयार करने के लिए जेएसपी के रायगढ़ स्टील प्लांट स्थित रेल मिल और स्पेशल प्रोफाइल मिल को देश का पहला लाइसेंस जारी किया है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने की दिशा में सरकार का यह बड़ा कदम है क्योंकि हमारा देश अभी अग्निरोधी स्टील स्ट्रक्चर का आयात कर रहा है। आइएस 15103 मानकों के अनुसार निर्मित हॉट रोल्ड स्ट्रक्चरल स्टील का उपयोग उच्च तापमान या अग्नि संभावित क्षेत्रों में किया जा सकता है। इसे ऐसी तकनीक से तैयार किया गया है कि यह 600 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान 3 घंटे तक सहन कर सकता है। स्टील स्ट्रक्चर तैयार करने में अग्नि सुरक्षा एक चुनौती रही है। देश में अग्निरोधी स्टील के उत्पादन से विभिन्न ढांचागत निर्माण में आसानी होगी। नयी बीआइएस 15103 ग्रेड के उपयोग से औद्योगिक स्ट्रक्चर्स, तेल शोधक कारखानों, पुलों, मेट्रो परियोजनाओं और स्टील एवं बिजली उत्पादन प्लांटों के साथ–साथ अस्पतालों एवं वाणिज्यिक एवं आवासीय भवनों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण में एक नये युग की शुरूआत होगी।

## विशाल आदिवासी सभा 25 मार्च को

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजधानी भुवनेश्वर के जनता मैदान में 25 मार्च को एक विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा। रैली का मकसद धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाना है। इस को लेकर जय भारत भवन भुवनेश्वर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई थी। सुरक्षा मंच के मुख्य समंवयक शक्ति दयाल और प्रमुख आदिवासी साधु स्वामी शिवानंद आर्य ने सम्मेलन का मार्गदर्शन किया। देश के संविधान के अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जनजाति धर्मांतरण के बाद अपना संरक्षण खो देती है, अनुसूचित जनजाति पर अनुच्छेद 342 लागू नहीं होता है। धर्मांतरण के बाद भी इन जनजातियों को अल्पसंख्यक और आदिवासी दोनों लाभ उठा रहे हैं, जिससे मूल धार्मिक संस्कृति का पालन करने वाले आदिवासी नौकरियों, छात्रवृत्ति और सरकारी अनुदानों में अधिक भाग लेने में सक्षम हैं। इस कारण जनजातीय सुरक्षा मंच ने सबसे पहले 2009 में 28 लाख आदिवासियों के हस्ताक्षर वाली याचिका राष्ट्रपति को प्रदान, 288 जिला कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को स्मारक पत्र, 2021 में 207 जिलों में जनजातीय सभायें आयोजित की गईं और 2022 में 448 सांसदों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर इस अभियान का समर्थन करने का अनुरोध किया गया। इसी तरह हमारे राज्य के 14 जिलों में जिला सभाओं के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को स्मारक पत्र प्रदान किये गये थे। इसके आगामी कार्यक्रम के संदर्भ में 25 मार्च को जनता मैदान भुवनेश्वर में एक विशाल जनजातीय सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रेसवार्ता में पूर्वांचल के प्रकाश बेताला, वनबासी कल्याण आश्रम ओड़िसा के साधारण संपादक चंद्रकांत नाथ, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय महांति प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रकाश बेताला ने समाज के सभी वर्गों और नागरिकों से अनुरोध किया कि वे पूरे ओड़िशा से आने वाले वनवासियों को बधाई दें।


























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**